फाल्गुन माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 49 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 13 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'रक्षा के क्षेत्र में 21वीं सदी में कई चुनौतियां'

### विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में लिया हिस्सा, पुलिस के बारे में गलत धारणा बनी है, हमें इसे सुधारना होगा

**गांधीनगरः** चार राज्यों में बम्पर जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार पीएम मोदी के गुजरात दौरे का दूसरा दिन रहा और इस बीच उन्होंने गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की नई इमारत का उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इस दौरान 37 स्टूडेंट्स को गोल्ड मैडल और 14 को डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई। पीएम बोले राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में आना मेरे लिए विशेष आनंद का अवसर है। ये विश्वविद्यालय, देशभर में रक्षा के क्षेत्र में जो अपना करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए नए अवसर पैदा करेगा। रक्षा के क्षेत्र में 21वीं सदी को जो चुनौतियां हैं, उनके अनुकूल हमारी व्यवस्था भी विकसित हो और उन व्यवस्थाओं को संभालने वाले व्यक्तित्व का विकास हो, इसके लिए इस विश्वविद्यालय का जन्म हुआ है। राष्ट्रीय रक्षाशक्ति विश्वविद्यालय एक ऐसा क्षेत्र है, जो देश भर में रक्षा के क्षेत्र में अपना करियर बनाने वालों के लिए मौका देगा। जो युवा डीवाईएसपी, पीएसआई और कांस्टेबल बनना चाहते हैं, उन्हें उस स्तर का पेशेवर प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्योंकि, आज के समय में वेल ट्रेंड मेन पॉवर देश की सबसे बड़ी जरूरत है।
आजादी के बाद पुलिस सुधार की दिशा में कोई काम नहीं हुआः पीएम ने आगे कहा कि आज के ही दिन नमक सत्याग्रह के लिए इसी धरती से दांडी यात्रा की शुरूआत हुई थी। गांधी जी के नेतृत्व में अंग्रेजों के अन्याय के खिलाफ जो आंदोलन चला, उसने अंग्रेजी हुकूमत को हम भारतीय की सामूहिक सामर्थ्य का अहसास करा दिया था।




### सोमनाथ न्यास की एक बैठक की अध्यक्षता की



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने को सोमनाथ न्यास की एक बैठक की अध्यक्षता की। वह विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का प्रबंधन संभालने वाले न्यास के प्रमुख हैं। मोदी ने न्यास द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। एक अधिकारी ने बताया कि गांधीनगर में राजभवन में शाम में हुई बैठक में, न्यासियों ने सोमनाथ मंदिर के शिखर को स्वर्ण से मढ़ने की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी।

**2021 में न्यास के अध्यक्ष बने पीएम मोदीः** पीएम मोदी को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री केशूभाई पटेल के निधन के बाद जनवरी 2021 में न्यास का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अन्य न्यासियों में भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह,उद्योगपति हर्षवर्धन नियोतिया शामिल

### 'सही प्रशिक्षण मिल जाए तो दिव्यांग भाई-बहन भी रक्षा क्षेत्र में दे सकते हैं योगदान'

**पीएम** मोदी ने आगे कहा कि वर्तमान समय की नई-नई आधुनिक तकनीक अपराधियों को पकड़ने में मदद कर रही है। ऐसी परिस्थितियों में सुरक्षाकर्मियों को सही हथियारों और आधुनिक उपकरणों के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। आपने कई केस स्टडी का अध्ययन कर रहे होंगे, जिसमें तकनीक की मदद से मामलों को सुलझाया जाता है। इतना ही नहीं, अगर विकलांग भाई-बहनों को भी रक्षा शक्ति का प्रशिक्षण मिल जाए तो वे भी रक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि 'अब यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय स्तर पर तेजी से काम करने के लिए आगे बढ़ेगी। उन्होंने पूरे पुलिस विभाग का आधुनिकीकरण किया, ऐसा सॉफ्टवेयर बनाया जिसे कभी बदला नहीं गया। हर पुलिस स्टेशन के पास वह सॉफ्टवेयर होता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, गुजरात फोरेंसिक विश्वविद्यालय और रक्षाशक्ति विश्वविद्यालय जैसे तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना की। जहां कानून व्यवस्था से जुड़े तीनों संकायों को इसमें करियर बनाने की सुविधा मिली है।

## यूपीः होली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने की तैयारी

### मेधावी छात्राओं को स्कूटी और बुजुर्ग महिलाओं को फ्री यात्रा कराने पर भी मंथन



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की अफसरशाही ने योगी सरकार की दूसरी पारी में जनता से किए गए वादों पर अमल की तैयारी शुरू कर दी है। नई सरकार के गठन की तस्वीर साफ होने के बाद मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें चुनावी वादे के मुताबिक पीएम उज्जवला योजना की सभी पात्र लाभार्थियों को पहला मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर होली पर देने, 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था तथा मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने की योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी कार्रवाई पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव ने संकल्प पत्र के प्रत्येक बिंदु का अध्ययन कर टाइमलाइन तय कर क्रियान्वयन का निर्देश दिया है। संकल्प-पत्र के ऐसे बिंदुओं की पहचान की जानी है, जिन पर तुरंत कार्य प्रारंभ किया जाना है। इसके अलावा ऐसे बिंदु जिन पर अगले एक माह में कार्य प्रारंभ किया जाना है, चिह्नित करने को कहा गया है। जिन बिंदुओं पर कुछ समय बाद कार्य शुरू किया जा सकता है, उनकी अलग सूची तैयार होगी। अधिकारी ने बताया कि भाजपा ने संकल्प-पत्र में पीएम उज्जवला योजना के समस्त लाभार्थियों को होली तथा दीपावली पर दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का वादा किया है। योगी सरकार की प्रचंड जनादेश के साथ दोबारा वापसी के बाद पहली होली 17-18 मार्च को पड़ रही है। ऐसे में इस वादे पर अमल की तत्काल तैयारी का निर्देश दिया गया। प्रदेश में करीब 1 करोड़ उज्जवला लाभार्थी बताए गए हैं। इस पर करीब 1000 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है।

## न्यूज फ्लैश

### ओडिशाः खुर्दा में बीजद के निलंबित विधायक की गाड़ी ने भीड़ को कुचला, सात पुलिसकर्मी समेत 22 घायल

**भुवनेश्वरः ओडिशा** के खुर्द जिले से शनिवार को बड़ी खबर आई। बताया जा रहा है कि यहां के बानापुर में बीजद के निलंबित विधायक प्रशांत जगदेव के वाहन से कथित तौर पर भीड़ को कुचल दिया गया। जानकारी के मुताबिक, घटना में सात पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 22 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि घटना में चिल्का के विधायक जगदेव भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जगदेव के वाहन ने ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव के दौरान बीडीओ बानापुर के कार्यालय के बाहर जमा भीड़ को कथित तौर पर टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में बानापुर पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक आरआर साहू सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें एम्स, भुवनेश्वर ले जाया गया है। पुलिस के मुताबिक, भाजपा के लगभग लगभग 15 कार्यकर्ता और सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। खुर्द के एसपी लेख चंद्र पाही ने बताया कि विधायक को पहले टांगी अस्पताल और बाद में उन्हें भुवनेश्वर ले जाया गया। जगदेव को पिछले साल पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निलंबित कर दिया गया था।

### अंतर्कलहः कांग्रेस नेता सीएम इब्राहिम ने छोड़ी कांग्रेस

**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता सीएम इब्राहिम ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। उन्होंने अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा कि पिछले 12 वर्षों से मैंने आपको कई पत्र लिखे हैं। इसमें कई बार पार्टी के सकारात्मक पहलुओं का जिक्र किया गया है। वहीं, कई बार मैंने आपके सामने पार्टी की कई शिकायतें रखीं। आपने उत्तर भी दिया और आवश्यक उपचारात्मक उपाय करने का आश्वासन भी दिया। हालांकि, अभी तक मुझे कोई बदलाव नहीं दिख रहा है।

## 'अधीर' हुए रंजन : कांग्रेस न होती तो ममता नहीं होतीं



**कोलकाताः** पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस की बुरी पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस में विलय के सुझाव व कांग्रेस द्वारा भरोसा खो जाने के ममता बनर्जी के बयान पर पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी भड़क गए हैं। चौधरी ने कहा कि यदि कांग्रेस नहीं होती तो ममता बनर्जी जैसे लोग पैदा नहीं होते। ममता बनर्जी को यह बात ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही चौधरी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी भाजपा को खुश करने गोवा गई थी और उसके कारण कांग्रेस की पराजय हुई। सांसद चौधरी ने कहा कि सभी जानते हैं कि ममता बनर्जी व टीएमसी ने गोवा में कांग्रेस को कमजोर किया। चौधरी ने आगे कहा कि पागल लोगों के बयान पर जवाब देना सही नहीं है। कांग्रेस के देशभर में 700 विधायक हैं।

विपक्ष के कुल वोट शेयर में उसकी 20 फीसदी हिस्सेदारी है। क्या ममता बनर्जी की इतनी हिस्सेदारी है? वह भाजपा को खुश करने की ऐसी बातें कह रही हैं। वह भाजपा के एजेंट के रूप में काम करती हैं। वह चर्चा में बनी रहने के लिए ऐसी बातें करती हैं।

**कांग्रेस खो चुकी भरोसा : ममता बनर्जीः** उधर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि जो भी दल भाजपा से मुकाबला करना चाहते हैं, वे एकजुट हो जाएं। कांग्रेस भरोसा खो चुकी है, हम उस पर निर्भर नहीं रह सकते। ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने तीन माह में गोवा में 6 फीसदी वोट हासिल किए हैं। यह पर्याप्त है। राज्य में पार्टी को खड़ा किए अभी तीन माह ही हुए हैं।

## ईपीएफ पर ब्याज दर घटाकर 8.1 फीसदी किया, 5 करोड़ सदस्य प्रभावित होंगे

**नई दिल्लीः** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर घटाकर 8.1 फीसदी कर दिया है। ईपीएफओ के इस फैसले से देश में ईपीएफओ के करीब 5 करोड़ सदस्य प्रभावित होंगे। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की दो दिवसीय बैठक में यह फैसला किया गया । ईपीएफओ ने भविष्य निधि जमा पर मिलने वाली ब्याज दर को 8.5 से घटाकर 8.1 फीसदी कर दिया है। ईपीएफओ का प्रस्तावित ब्याज दर बीते चार दशक से भी ज्यादा समय में सबसे कम है, जबकि वित्त वर्ष 2020-21 में ब्याज दर 8.5 फीसदी थी। इससे पहले ईपीएफ पर ब्याज दर सबसे कम वित्त वर्ष 1977-78 में 8 फीसदी थी। उल्लेखनीय है कि सीबीटी ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर 8.5 रखने का निर्णय मार्च 2021 में लिया था, जिसे अक्टूबर 2021 में वित्त मंत्रालय ने मंजूरी दी थी। अब सीबीटी के इस फैसले के बाद वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ईपीएफ जमा पर नई ब्याज दर की सूचना वित्त मंत्रालय को अनुमोदन के लिए भेजी जाएगी। इससे पहले मार्च 2020 में ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर 7 साल में सबसे कम 8.5 फीसदी करने का फैसला किया था, जबकि वित्त वर्ष 2018-19 में ब्याज दर 8.65 फीसदी थी।




## सीबीएसई 10वीं की टर्म-1 परीक्षाओं का परिणाम घोषित

**नई दिल्लीः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं कक्षा की टर्म-1 परीक्षाओं का परिणाम ऑफलाइन घोषित कर दिया गया है। पहले सत्र की परीक्षाओं के अंकों के लिए अंक पत्र जारी नहीं किया जाएगा। परिणाम जारी होने की सूचना के बाद विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर परिणाम नहीं मिलने को लेकर परेशान थे। इसी के मद्देनजर बोर्ड ने विद्यार्थियों को बताया कि परिणाम उनके स्कूलों को ई-मेल के माध्यम से भेजा गया है।

## बजट सत्रः दोनों सदनों की कार्यवाही 14 मार्च से होगी शुरू



**नई दिल्लीः** संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 14 मार्च से फिर से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान दोनों सदनों की समय सारणी में बदलाव किया गया है। इस दौरान कुल 19 बैठकें होंगी। दोनों सदनों की कार्यवाही सुबह 11 बजे से सायं 6 बजे तक चलेगी। राज्यसभा को सत्र के दूसरे भाग के दौरान पूर्व निर्धारित समय से 19 घंटे का अतिरिक्त समय मिलेगा। राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष की बैठक में यह फैसला लिया गया। बजट सत्र के दूसरे भाग में यह निर्णय लिया गया है कि दोनों सदन कक्षों और दीर्घाओं का उपयोग करेंगे, जैसा कि पहले किया गया था। राज्य सभा में वर्तमान में कुल सदस्यों की संख्या 237 है। जिनमें कुल 245 सांसदों में से आठ रिक्तियां हैं। चैंबर में 139 (+3) सांसद बैठे होंगे जबकि 98 अन्य को एक निश्चित समय में गैलरी में समायोजित किया जाएगा।

## यूपीः शिवपाल सिंह यादव बन सकते हैं नेता प्रतिपक्ष, अखिलेश ने की मुलाकात



**लखनऊः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जसवंत नगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने मुलाकात की। दोनों के बीच करीब घंटे भर चली बातचीत के दौरान चुनाव परिणाम को लेकर चर्चा की गई। माना जा रहा है कि शिवपाल सिंह यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हालांकि समाजवादी पार्टी ने अभी इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि 21 को विधायकों की बैठक बुलाई गई है। संभव है कि उसमें इस मुद्दे पर कोई चर्चा हो। यूपी चुनाव परिणाम पर शिवपाल यादव ने कहा कि माहौल हमारे पक्ष में था। पार्टी में कुछ कमियां रह गई हैं। हम उनका विश्लेषण करेंगे और विचार-विमर्श करेंगे और पार्टी को और मजबूत करेंगे। शिवपाल सिंह यादव जसवंतनगर से विधायक हैं। उन्होंने 90 हजार मतों से जीत दर्ज की। शिवपाल को 158531 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी विवेक शाक्य को सिर्फ 68454 मत। इस तरह शिवपाल 90077 मतों से विजयी रहे। उन्हें 62.89 फीसदी मत मिले। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन में कुछ कमियां थीं। हमारे कार्यकर्ता अतिआत्मविश्वास में डूबे हुए थे। इसके अलावा भाजपा ने जो भी चालाकियां की हैं उसका जवाब हमारे कार्यकर्ता नहीं दे पाए।

## सीबीआई ने मुबंई पुलिस कमिश्नर से की पूछताछ




**मुंबईः** महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई ने मुंबई के नव नियुक्त पुलिस कमिश्नर संजय पांडे से पूछताछ की। शनिवार को हुई इस पूछताछ में सीबीआई ने करीब छह घंटे तक उनसे सवाल-जवाब किए। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि संजय पांडे ने परमवीर सिंह को देशमुख के खिलाफ की गई अपनी शिकायत को लेकर प्रभावित करने का प्रयास किया था। पूछताछ की गई। इस मामले की सुनवाई बांबे हाईकोर्ट कर रही है। दरअसल, सीबीआई ने अनिल देशमुख और अन्य अज्ञात के खिलाफ कथित तौर पर आपराधिक साजिश से संबंधित आईपीसी की धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत लोक कर्तव्य के गलत और भ्रष्ट निर्वहन के जरिए अनुचित लाभ प्राप्त करने के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया है।

## भारत-श्रीलंका के बीच सोलर पावर प्लांट समझौते पर हस्ताक्षर



**कोलंबोः** भारत और श्रीलंका ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग सहित द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के प्रयासों के हिस्से के रूप में पूर्वी बंदरगाह जिले त्रिंकोमाली में 100 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। देश के पूर्वी प्रांत में संयंत्र के लिए श्रीलंका के वित्त मंत्रालय में हस्ताक्षर कार्यक्रम हुआ। भारतीय मिशन ने एक बयान में कहा कि त्रिंकोमाली पावर कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल) के लिए संयुक्त उद्यम और शेयरधारकों का समझौता (जेवीएसएचए) 100 मेगावाट सौर ऊर्जा विकसित करने के लिए भारत के नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) लिमिटेड और सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) के बीच एक संयुक्त उद्यम पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बयान में कहा गया कि इस संयुक्त उद्यम पर समझौता एक बार फिर व्यापक और पारस्परिक रूप से श्रीलंका की प्राथमिकताओं का ध्यान रखने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करता है। इस क्षेत्र में श्रीलंका के साथ हमारा सहयोग सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए भारत द्वारा श्रीलंका को दी गई 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट के कार्यान्वयन के साथ ही मजबूत होगा। इसी तरह, अक्षय ऊर्जा में सहयोग के लिए दोनों पक्षों में निजी क्षेत्र के बीच महत्वपूर्ण रुचि है, जो आने वाले वर्षों में बढ़ने की संभावना है। समपुर में एक थर्मल पावर प्लांट बनाने के लिए एनटीपीसी के साथ 2013 का समझौता बाद में छोड़ दिया गया था। महामारी के कारण पर्यटन से देश की कमाई पर असर पड़ने के बाद श्रीलंका अपने अब तक के सबसे खराब विदेशी मुद्रा संकट का सामना कर रहा है। दिसंबर तक भंडार की स्थिति घटकर सिर्फ एक महीने के आयात या 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कुछ ही अधिक थी। हाल के महीनों में जनता ने विदेशी मुद्रा संकट के कारण कई आवश्यक वस्तुओं की कमी का अनुभव किया है। डॉलर बचाने के लिए आयात प्रतिबंधों ने बिजली कटौती के अलावा रसोई गैस और ईंधन की आपूर्ति को भी खतरे में डाल दिया है।

## जम्मू-कश्मीरः दो जगह मुठभेड़ में जवानों ने 4 आतंकी मार गिराए



**श्रीनगरः** कश्मीर के हंदवाड़ा, गांदरबल और पुलवामा में आतंक विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने तड़के 4 आतंकियों को मार गिराया। इनमें एक पाकिस्तानी नागरिक है। एक आतंकी को जिंदा पकड़ने में सफलता मिली है। उसका नाम कैसर अहमद है। जम्मू कश्मीर के आईजी विजय कुमार ने कहा कि शुक्रवार रात और शनिवार तड़के 4-5 जगह पर सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों की सर्चिंग चल रही थी। एनकाउंटर नेचामा में हुआ।

पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के 2 और हंदवाड़ा-गांदरबल में 1-1 आतंकवादी मारे गए जो लश्कर ए तैयबा के थे। हंदवाड़ा और गांदरबल में मुठभेड़ खत्म हो गई है। दो आतंकवादी फंसे हुए हैं। मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादी की पहचान जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर कमाल भाई के रूप में हुई है। वह 2018 से कश्मीर सक्रिय था।

## खबर संक्षेप

### शंकरगढ़ में किसान महापंचायत आज

**शंकरगढ़।** जनपद के दक्षिणांचल में स्थित विकास खंड शंकरगढ़ में 13 मार्च को किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन (भानु) के मंडल महासचिव केके मिश्र ने बताया कि 13 मार्च को पूरे बैजनाथ, गींज ललई (बारा) में क्षेत्र को कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए एक महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी क्षेत्रवासियों से पहुंचने की अपील की गई है। केके मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के जनवा और ललई गांव में पावर प्लांट के द्वारा फेंकी जा रही फ्लाई ऐश से इलाके में बीमारी और जल का संकट का खतरा धीरे-धीरे करीब आता जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से उक्त आयोजन में पहुंचने की अपील की है, ताकि पावर प्लांट से निकालकर गांवों में गिराई जा रही फ्लाई ऐश को हटवाने का कार्य शुरू हो सके।

# मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद को कृष्ण जन्मभूमि की मान्यता देने की मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद को कृष्ण जन्मभूमि की मान्यता देने की मांग में दाखिल याचिका पुनर्स्थापित कर ली है। कोर्ट ने कहा कि समय रहते याची ने पुनर्स्थापना की अर्जी दाखिल कर दी गई थी। कोर्ट ने 19 जनवरी, 2021 को पैरवी में याचिका खारिज कर दी थी। याचिका की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की खंडपीठ ने अधिवक्ता महक माहेश्वरी की याचिका पर दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद को कृष्ण जन्मभूमि की मान्यता देने की मांग में दाखिल याचिका पुनर्स्थापित कर ली है। कोर्ट ने कहा कि समय रहते याची ने पुनर्स्थापना की अर्जी दाखिल कर दी गई थी। कोर्ट ने 19 जनवरी, 2021 को पैरवी में याचिका खारिज कर दी थी। याचिका की अगली सुनवाई 25



जुलाई को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की खंडपीठ ने अधिवक्ता महक माहेश्वरी की याचिका पर दिया।

**शाही ईदगाह मस्जिद को तोड़कर बनाया जाए कृष्ण जन्मभूमि मंदिर :** याची का कहना है कि मंदिर तोड़कर बनी शाही ईदगाह मस्जिद को हटाकर कृष्ण जन्मभूमि मंदिर निर्माण कराया जाए। सारी जमीन हिंदुओं को सौंप दी जाए। कृष्ण जन्मभूमि को जन्म स्थान ट्रस्ट बनाया जाए। जब तक इस मामले में फैसला नहीं आ जाता, जन्माष्टमी को हिंदुओं को ईदगाह में जन्म स्थान पर पूजा अर्चना करने की इजाजत दी जाए। याची का यह भी कहना है कि मथुरा के राजा कंस ने भगवान कृष्ण के माता-पिता को कारागार में डाल दिया था। जहां पर श्रीकृष्ण का जन्म हुआ।मुगल काल में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है। मांग की गई है कि कोर्ट की निगरानी में एएसआई से सर्वे और खुदाई कराकर जन्मस्थान मंदिर का पता लगाया जाए। याची का यह भी कहना है कि मस्जिद इस्लाम का आवश्यक अंग नहीं है। कहीं भी इबादत की जा सकती है। इसलिए विवादित जमीन हिंदुओं को सौंपी जाए। ताकि हिंदू संविधान प्रदत्त अनुच्छेद 25 के मूल अधिकारों का स्वतंत्रतापूर्वक प्रयोग कर सके और जन्म स्थान में पूजा- पाठ कर सकें।

## शासकीय अधिवक्ता और दो मुख्य स्थाई अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को भेजा इस्तीफा

यूपी में प्रचंड बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को इस्तीफा सौंप दिया। वहीं प्रयागराज में शनिवार को हाईकोर्ट में नियुक्त प्रदेश सरकार के शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार पॉल, मुख्य स्थायी अधिवक्ता तृतीय सौरभ श्रीवास्तव एवं मुख्य स्थायी अधिवक्ता षष्ठम मनोज कुमार सिंह ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री के सम्मान में सवैधानिक प्रावधानों के तहत उन्होंने अपना त्यागपत्र लिखित तौर पर शनिवार को योगी आदित्यनाथ को भेजा है।शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार पॉल ने इस्तीफे से पूर्व शासकीय अधिवक्ता पद का प्रभार अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम जय नारायण को सौंपा दिया। गौरतलब है कि इसके पहले भी प्रदेश सरकार के दोबारा सत्ता में आने पर महाधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता एवं मुख्य स्थाई अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री के त्यागपत्र के ठीक बाद संवैधानिक प्रावधान के तहत त्यागपत्र दिया था।

## न्यूज झरोखा- महिला दिवस

### पेयजल एवं स्वच्छता पदाधिकारियों को खाई पंचायत भवन पर दिया गया प्रशिक्षण



**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत खाई में पंचायत सदन में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम में यूनाइटेड के जिला सलाहकार शिवा कांत द्विवेदी ने पदाधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि ग्राम पंचायत पेय जल स्वच्छता समिति का गठन संविधान के 73 वें संशोधन अधिनियम में शामिल किया गया है, और यह संवैधानिक समिति हैं, यह ग्रामीणो को नल से जल उपलब्ध कराने का कार्य करेगी, तथा निर्मित परसंपतियो का संचालन एवं रखरखाव आदि करेंगी ।जल जीवन मिशन के बारे में जल जीवन उपलब्धता कराना मकसद है, प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत शर्मा ने सभी सदस्यों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित व गांव के गणमान्य लोगों के प्रति आभार प्रगट किया ।

### कोरांव के लाल ने पीसीएस परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव के लाल ने पीसीएस परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र की सफलता पर लोगों ने मुंह मीठा कराकर छात्र को बधाई दी है। नगर पंचायत कोरांव निवासी रबी जायसवाल पुत्र संतोष कुमार उर्फ गुड्डू जायसवाल ने पीसीएस वर्ष 2019 की परीक्षा पास कर जहां क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वही पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए नजीर भी पेश की है। रबी जायसवाल के मुताबिक लगातार मेहनत व परिश्रम से किसी भी सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। सफलता प्राप्त छात्र के बाबा स्व0 मोहन लाल जायसवाल कुशल राजनीतिज्ञ थे। नगर पंचायत कोरांव के चेयरमैन पद को सुशोभित करने के बाद भी काफी दिनों तक राजनीति में सक्रिय रहे। इनके पिता संतोष कुमार उर्फ गुड्डू जायसवाल कोरांव बाजार में पेट्रोल पंप मालिक हैं। जयसवाल फिलिंग स्टेशन काफी दिनों से कोरांव बाजार में प्रसिद्धि हासिल कर रहा है। इनका पेट्रोल पंप कोरांव क्षेत्र का पहला पेट्रोल पंप है।

### मतगणना खत्म होते ही कटने लगी बिजली, आक्रोश

**मेजा रोड।** चुनावी सीजन में क्षेत्र में कम से कम मतगणना तक तो उन्हें अच्छी बिजली आपूर्ति मिलती रही, लेकिन मतदान जिस दिन से हुआ है। उसी दिन से अघोषित रूप से आपूर्ति कट रही है। जिससे लोगों में आने वाले दिनों में बिजली आपूर्ति को लेकर चिंता व्याप्त है।इस समय प्रतिदिन दोपहर के समय और शाम को आपूर्ति बाधित रहती है।चुनाव के पूर्व जिस तरह से विद्युत आपूर्ति हो रही थी,उसको देखकर लोग आने वाले दिनों को लेकर चिंतित नहीं थे। चुनाव के समय को देखते हुए भी पिछले कई महीनों से शहर और देहात को अच्छी आपूर्ति मिल रही थी, लेकिन अब यह आपूर्ति एक बार फिर डगमगा गई है। जिससे लोगों में तो रोष व्याप्त है ही। ऊर्जा निगम के विरुद्ध उद्यमियों में भी रोष है। मतदान के दिन के बाद से ही हालत बिगड़ने शुरू हो गए है। दिन में तीन से चार घंटे आपूर्ति बाधित हो रही है। इसके अलावा अघोषित कटौती उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बन रहा है।अभी सर्दी के दिन चल रहे है। ऐसे में लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं हो रही है, लेकिन आने वाली गर्मी को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि जब अभी से यहीं हाल है तो आने वाले दिनों को लेकर तो चिंता लाजमी है ही। लोग मानकर चल रहे है कि इस बार बिजली के कारण उन्हें बहुत अधिक परेशानी नहीं होनी चाहिए।फिलहाल लोग बिजली आपूर्ति में हो रही अघोषित कटौती को स्थानीय तौर पर संविदा कर्मियों द्वारा कटौती की जा रही है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय के 95 बच्चों ने दी परीक्षा



राष्ट्रीय आविश्कार अभियान के तहत परीक्षा देते छात्र छात्राएं

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत शनिवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। विकास खंड शंकरगढ़ के बीआरसी सभागार में आयोजित परीक्षा में विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा छह, सात और आठ) के कुल 95 बच्चों ने सहभागिता की। यह जानकारी देते हुए बीईओ ने बताया कि इस परीक्षा में विकास खंड के कुल 67 उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया है। लिखित और मौखिक परीक्षा

**राष्ट्रीय आविष्कार अभियान: दस विद्यार्थी चयनित, उत्कर्ष और हर्षित को मिला सर्वोच्च अंक**

के आधार पर सर्वोच्च अंक पाने वाले दस बच्चों में उच्च प्राथमिक विद्यालय गोइसरा के उत्कर्ष त्रिपाठी 34/40 अंक, सोनवर्षा के हर्षित त्रिपाठी 34 अंक,नीबी के कार्तिकेय पांडेय 32 अंक,भोडी के नीलेश 31 अंक, भोड़ी के स्वागतम 31 अंक,धरा के आयुष कुमार सिंह 29 अंक, बांकीपुर के दीवेश 29 अंक ,पडुआ की सारिका प्रजापति 29 अंक, टिकरौही की मीनू 29 अंक और धरा के आदित्य से 28 अंक को चयनित किया गया। विकास खंड शंकरगढ़ के बीआरसी में हुई इस परीक्षा को संपन्न करवाने में विकास खंड के समस्त एआरपी मंगला प्रसाद सिंह, जय सिंह, मनोज केसरवानी, अमित सिंह, कृष्ण कुमार सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा परीक्षा को संपन्न करवाने में बृजेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, विजय कुमार सिंह, नृपेंद्र सिंह, नीरज कुमार, ऋतुराज सिंह, संदीप सिंह, सत्येंद्र सिंह, दिनेश, रचना जायसवाल, अंजना शर्मा, अमिता प्रासद, माधवी त्रिपाठी का भी सहयोग रहा।



झलवा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र छात्राएं

## झलवा में आयोजित प्रतियोगिता में बृज मंगल स्कूल रामपुर के बच्चों ने मारी बाजी

**करछना।** प्रयागराज के यूनाइटेड़ यूनिवर्सिटी झलवा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर के कई बच्चों ने बाजी मारी।इस दौरान प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार और एनसीसी अधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी के संरक्षण में विद्यालय के 54बालक बालिकाओं में प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गरिमा पहले स्थान पर रही जबकि अनुज भारतीया और रीना यादव ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।वाद विवाद प्रतियोगिता में इंटर की छात्रा श्रद्धा शुक्ला पहले स्थान पर रही और ऐमन तथा नासिर को दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।अभिव्यक्ति प्रतियोगिता में नेहा तिवारी ने बाजी मारी वही उपासना भारतीया और काजल दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।जितेन्द्र कुमार ने बताया कि बच्चों ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर अपने हुनर का परिचय दिया है।सभी विजेता बच्चों को म्यूजिक सिस्टम,ब्लूटूथ स्पीकर,पावर बैंक और प्रमाण पत्र देकर यूनिवर्सिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। बच्चों की सफलता को लेकर प्रधानाचार्य मनीष तिवारी,शिक्षकों और साथी बच्चों ने बधाई दी।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों में मामूली बात को लेकर मार पीट में कई घायल हुए हैं । पुलिस ने दोनों मामलों में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव के चौहान का पूरा निवासी खेलाडी पुत्र मिठठू चौहान का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसे मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने खेलाडी की तहरीर पर अमन कुमार ,मीता देवी ,सुषमा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । उधर ग्राम तिलक का पूरा निवासनीय तसलीम बानों पुत्री मोहम्मद नईम का आरोप है कि पडोसी मामूली बात पर उसे मारे पीटे । तसलीम बानों ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद हलीम ,रईस ,गुलाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



## राजभवन शंकरगढ़ ने बारा की आवाम और योगी आदित्यनाथ को दी जीत की बधाई

**शंकरगढ़।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और विधानसभा बारा में भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) की जीत पर राजभवन शंकरगढ़ ने शुभकामनाएं दी हैं। राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने योगी आदित्यनाथ को शुभकामना संदेश भेजा है। राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संदेश में लिखा है कि उनका (योगी आदित्यनाथ) का पिछला कार्यकाल कुशल नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति, कर्तव्य परायणता का परिचायक है। सूबे की अवाम ने भी इसे पसंद किया और 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से अपनी नुमाइंदगी सौंपी। राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने इस चुनाव में मिली जीत का श्रेय योगी आदित्यनाथ को भी दिया है। साथ ही विधानसभा बारा की अवाम का आभार जताया है। राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने बारा की आवाम से कहा कि उन्होंने अपना दल (एस) के प्रत्याशी डा. वाचस्पति को विजयी बनाकर योगी आदित्यनाथ और उनके विकास कार्यों को जो समर्थन दिया है, वह अद्वितीय है। इसके लिए क्षेत्र की जनता बधाई की पात्र है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित बारा विधायक डा. वाचस्पति भी बारा की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में कोई कमी नहीं रखेंगे।

## श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता मानव समाज के लिए आइना है

**सहसों।** श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर सिंगरामऊ गांव में कथा व्यास आचार्य सत्यव्रत राम महाराज ने सात दिनों के कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीव के उद्धार के लिए हर व्यक्ति को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करना चाहिए। मोक्ष एवं कष्टों के निवारण तथा परिवार के सुख समृद्धि के लिए श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण बहुत ही फलदाई है। कथा व्यास ने श्री कृष्ण और सुदामा की कथा का मार्मिक प्रस्तुति करते हुए कहा ऐसी मित्रता समाज में समरसता की अनूठी मिसाल है जिसे सभी को आत्मसात करनी चाहिए। उन्होंने कहा गरीब सुदामा को उनकी पत्नी ने भगवान को भेंट करने के लिए चावल दिया। भगवान श्री कृष्ण ने गरीब सुदामा के प्रति अटूट मित्रता की मिसाल पेश करते हुए चावल से ही वैभवशाली बना दिया। इस मित्रता से सभी जनमानस को भगवान के प्रति अटूट विश्वास, प्रेम, सच्ची भक्ति करने पर निसंदेह सब कुछ अवश्य ही प्राप्त हो जाएगा। मुख्य यजमान राम अभिलाष शुक्ल सहित अन्य भक्तों ने व्यासपीठ एवं आवा हित देवताओं की आरती उतारी। सायंकाल महाप्रसाद का आयोजन किया गया। कथा श्रवण करने वालों में संतोष शुक्ला, सृष्टि नाथ तिवारी, वेद मणि तिवारी,रामशिरोमणि, भूपेंद्र मिश्रा,बाल गोविंद तिवारी, विनोद मिश्रा,राजेश दुबे,रवि सिंह,बीरू पाण्डेय, अभिषेक शुक्ला, के के शुक्ला ,संजय, विनय, डॉ कृष्ण चन्द्र पाण्डेय, अशोक मिश्रा आदि रहे।

# होली एवं सबे बरात पर्व पर शांति व सुरक्षा जरूरी : भूपेंद्र सिंह

## थाना कोरांव में पीस कमेटी की बैठक आयोजित, एसडीएम, तहसीलदार रहे नदारद

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** हर्ष उल्लास के पर्व होली का त्यौहार आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाते हुए शांति व्यवस्था कायम रखें। उक्त बातें इंस्पेक्टर कोराव ने बैठक में कही।

थाना प्रभारी श्री यादव ने त्योहार के मद्देनजर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में कहा कि अशांति व खलल उत्पन्न करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी द्वय भूपेंद्र सिंह व रामाश्रय यादव ने पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं सम्मानित लोगों से गांव वार समस्याओं की जानकारी इकट्ठा की। जिसमें संसारपुर के ग्राम प्रधान डाक्टर लाला सिद्दीकी के द्वारा होलिका दहन स्थल पर पुआल रखने की शिकायत की गई। जिस पर प्रभारी ने आश्वस्त किया कि पुआल को हटवा दिया जाएगा। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 2017-18 के बीच तीन गांव अतिसंवेदनशील श्रेणी में पहुंच चुके हैं। जिनमें पारा, बड़ोखरा व गजनी शामिल हैं। उक्त दोनों इंस्पेक्टरों ने बताया कि पारा में डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया था जहां गोली भी चल गई थी। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि गजनी व बड़ोखरा व गजनी गांव में कीचड़ से होली खेलने को लेकर विवाद हो गया था। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह व रामाश्रय यादव ने आने वाले होली पर्व पर अप्रिय गाने बजाने न किए जाने की अपील करते हुए कहा कि कीचड़ व धूल से होली खेलने से बचे। जिससे विवाद की स्थितियां उत्पन्न न हो सके।



पीस कमेटी की बैठक में शामिल क्षेत्रीय जन व पुलिस के अधिकारी

इसी प्रकार शबे बरात पर्व के बारे में भी जानकारी लेते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों से पर्व पर होने वाली समस्याओं की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने हिंदू मुस्लिम समेत सभी समुदाय के लोगों से आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने नशे में तेज रफ्तार वाहन न चलाने की हिदायत देते हुए घर पर ही शराब पीने की अपील की है जिससे मार्ग दुर्घटनाओं में किसी की जाने न जाए।

होली पर्व पर नमाजियों के ऊपर रंग न फेंकने व मस्जिदों के पास होली न खेलने की भी हिदायत दी है। पीस कमेटी की बैठक में ग्राम प्रधान अयोध्या मणिराम शुक्ला ग्राम प्रधान अल्हवा अहदअहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार, जाफर अली, समेत सभी उपनिरीक्षक, चौकी प्रभारी व भारी संख्या में ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। एसडीएम की अनुपस्थिति से तरह तरह की चचाएँ हुई।

# कवियों के शब्द रंगों की फुहार से सराबोर हुए श्रोता

अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** दूरदर्शन केंद्र परिसर में आयोजित रंगोत्सव के अंतर्गत होली के रंग हुनर के संग कार्यक्रम में कवियों के शब्द रंगों से श्रोता सराबोर हो उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलआयुक्त इलाहाबाद मण्डल संजय गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन और अमृता सिंह द्वारा प्रस्तुत वाणीवंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कवि सम्मेलन के दौरान आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख लोकेश शुक्ल की अध्यक्षता में नजर इलाहाबादी, फरमूद खान,जीतेंद्र जलज, विजय श्रीवास्तवऔर अमित जौनपुरी ने जमकर ठहाके लगवाए। मंच का संचालन कर रहे चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने श्रोताओं को जी भर गुदगुदाते हुए लोटपोट कर दिया। उदयचंद परदेसी द्वारा फाग की अनूठी प्रस्तुति के उपरांत पूर्णिमा सिंह डांस ग्रुप के लोक कलाकारों ने ढेड़िया

**दूरदर्शन केंद्र परिसर में होली के रंग हुनर के संग कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने बांधी समां**




दूरदर्शन केन्द्र पर कविओं ने बाँधी शमा

नृत्य की प्रस्तुति पर खूब तालियां बटोरी तो वहीं कव्वाल खादिम आजाद और साथियों ने सामाजिक समरसता के रंगों से सराबोर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान संजय पुरुषार्थी के धारदार संचालन ने भी खूब समां बांधी। दूरदर्शन केंद्र के कार्यक्रम प्रमुख हर्षित कुमार ने सभी आमंत्रित श्रोताजनों और कलाकारों कवियों का आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर शहर के प्रबुद्धजन और सुधी श्रोता मौजूद रहे।

## अ.भा. विराट् सम्मेलन 13 मार्च को लोहदी में

**करछना।** तमसा नदी के तट पर स्थित करछना क्षेत्र के लोंहदी गांव में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन 13 मार्च रविवार को आयोजित किया गया है। जिसमें प्रयागराज समेत दूरदराज जनपदों के कवियों तथा गीत कारों का जमावड़ा होगा। और अपनी रचनाओ व कविताओं के माध्यम से श्रोता जनों को बासंतिक रंगों में सराबोर करेंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के संयोजक गांव निवासी कवि एवं गीतकार विपिन बिहारी त्रिपाठी ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के कवि संतोष समर्थ समेत प्रतापगढ़ वाराणसी रायबरेली जनपद के गीतकार व कवि मौजूद रहेंगे। और सम्मेलन का संचालन औरैया के कवि अजय अंजाम करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कवि सम्मेलन में शिरकत करने और सफल बनाए जाने की अपील की है।

## दीनदहाड़े बोलेरो से आये बदमाश उठा ले गए सात बकरी

**लालापुर।** क्षेत्र के गोलहैया गांव के जंगल मे बकरी चरा रहे एक वृद्ध को बांधकर उसे घायल करते हुए बदमाश सात बकरी बोलेरो में लादकर भाग निकले । वृध्द ने शोर मचाया तो आस पास के लोग पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई । पुलिस मामले की जांच कर रही है। लालापुर थाना क्षेत्र के गोलहैया गांव निवासी गणेश आदिवासी 63 रोज की तरह शनिवार के दिन भी जंगल मे अपनी बकरियों को चरा रहा था ।इसी बीच दोपहर के समय बोलेरो से पहुंचे आधा दर्जन बदमाशो ने गणेश को रस्सी से बांध कर उसके मुंह को दबाते हुए उसी की कुल्हाड़ी से पैर में चोट पहुंचाकर सात बकरियों को बोलेरो में लादकर भाग निकले । बदमाशो के जाने के बाद गणेश ने शोर मचाया तो आस पास के लोग पहुंचे तो घटना की जानकारी सुन सभी दंग रह गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कबरा में पांच दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**करछना।** अखिल भारतीय प्रेम मानस प्रचार समिति कबरा की ओर से विशाल वटवृक्ष के नीचे शनिवार से आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ पूजन अर्चन के सहित दीप प्रज्वलन से हुआ। मानस प्रवचन के व्यासपीठ पर विराजमान मानस मर्मज्ञ पं आदित्य प्रसाद त्रिपाठी ने गोस्वामी तुलसी कृत रामचरितमानस की महिमा का वर्णन करते हुए भगवान श्रीराम के अनेक आदर्शों को प्रस्तुत करके मौजूद श्री राम भक्त जनों को आह्लादित कर दिया । कथा व्यास ने श्री राम के संस्कारों विचारों व आचार्यों के साथ मातृ-पितृ भक्ति के सहित उनकी समर्पण गुरु भक्ति का गुणगान किया। और कथा श्रवण पर बल देते हुए श्रोता जनों को बताया कि कथा श्रवण से मानव की सारी व्याधि व व्यथा नष्ट हो जाती है। इसके पूर्व समिति के अध्यक्ष महेंद्र नारायण तिवारी संयोजक विद्याधर मिश्र प्रबंधक प्रकाश चंद्र पांडेय उप प्रबंधक के पी तिवारी सहित कृष्ण कुमार मिश्र व राजनारायण मिश्र ने कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया। वहीं वाद्य के



संगीत कलाकारों में विनायक धर द्विवेदी एवं संतोष द्विवेदी ने अपने सुंदर भक्ति के भजनों को प्रस्तुत करके श्रोता जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद पांडेय शिवाकांत राम सजीवन मनोज कुमार महेश कुमार सोनू पंकज मिश्र मुन्नीलाल वैश्य कृपाशंकर केसरी के सहित आदि श्रोता भक्तजन उपस्थित रहे। संचालन प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी ने किया।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय की अवमानना में एसएसपी प्रयागराज हाईकोर्ट में तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरायनाइत में 21 नवंबर 2021 को हुई घटना के मामले में आदेश का अनुपालन न किए जाने पर एसएसपी को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। हालांकि कोर्ट ने इस बात की छूट भी दी है कि अगर वह केस की सुनवाई की अगली तिथि तक आदेश का अनुपालन करा देते हैं तो उन्हें पेश होने से छूट रहेगी, लेकिन उन्हें आदेश का पालन कराने संबंधी हलफनामा दाखिल करना होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने विमला की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।मामले में सरायनाइत पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। याची ने कहा कि पुलिस का यह रवैया कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। कोर्ट ने इसे अवमानना माना और प्रयागराज एसएसपी अजय कुमार को नोटिस जारी करते हुए उन्हें अगली सुनवाई की तिथि 31 मार्च को कोर्ट में उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

# राज्य विश्वविद्यालय की परीक्षा में पकड़े गए 26 नकलची



औचक निरीक्षण में पकड़े गए नकलची

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्व विद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2021-22 की परीक्षा का आगाज शनिवार को हो गया। पहले दिन उड़ाका दल ने अलग-अलग केंद्रों से कुल 26 नकलचियों को स्मार्टफोन और गाइड से नकल करते हुए पकड़ लिया। सभी की उत्तरपुस्तिका भी जब्त कर ली गई। इस सम्बन्ध में राज्य विश्व विद्यालय प्रशासन ने इसकी रिपोर्ट शासन को देर शाम भेज दी है। दोनों पालियों में कुल 44279 ने परीक्षा दी। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा के दौरान लगातार उड़ाका दल को सक्रिय रखा जाएगा।

### नकलची परीक्षार्थियों के खिलाफ लिया जाएगा एक्शन

राज्य विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डा. अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर समेत उससे संबद्ध के चारों जिलों में (प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़) में कुल 70 केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा कराई गई। पहली पाली में सुबह इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन आर्ट (बीए और एमए), बीपीएड, बीएएसी एग्रीकल्चर, बीएएलएलबी, बीबीए, बीसीए और बायोटेक्नोलाजी की परीक्षा आफलाइन मोड में हुई। इसमें 15936 छात्र और 2589 छात्राओं ने परीक्षा दी।दूसरी पाली में एलएलबी, इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (बीबीए और एमबीए), बीएड, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएएलएलबी, बीबीए, बीसीए, बीएससी बायोटेक और एलएलबी की परीक्षा हुई। इसमें 17729 छात्र और 8025 छात्राओं ने परीक्षा दी। दोनों पालियों में कुल 430 परीक्षाथीर्यों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान उड़ाका दल ने मंडल के अलग-अलग केंद्रों पर औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान कई केंद्रों से कुल 26 परीक्षार्थियों को अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। तमाम परीक्षार्थी स्मार्टफोन से परीक्षा दे रहे थे तो तमाम गाइड लेकर बैठे थे।

### प्रेस कांफ्रेंस में महिला बोली, चोरी गए मोबाइल को वापस देने को ऐंठे पांच हजार

**प्रयागराज।** चोरी व गुम हुए 80 मोबाइल फोन बरामद करने के पुलिस के गुडवर्क में उस समय पलीता लग गया, जब महिला ने फोन देने के लिए पांच हजार रुपये ऐंठे जाने का बयान दे डाला। यह वह महिला थी जिसका फोन भी बरामद मोबाइल में शामिल था। इस बयान पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद पुलिस अफसर उसका मुंह ताकते रह गए। बाद में मामले को संभालते हुए कहा कि प्रकरण में जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।जिला पुलिस की सर्विलांस टीम पिछले कई दिनों से चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में लगी हुई थी। जिसमें उसने 80 फोन बरामद किए। इस संबंध में शनिवार दोपहर में पुलिस लाइन सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। जिसमें पुलिस व मीडिया के साथ उन लोगों को भी बुलाया गया था, जिन्हें बरामद फोन वापस किए जाने थे।फोन दिए जाने के साथ ही उन्हें अपनी भावनाएं व्यक्त करने को भी कहा गया। इसी दौरान नैनी के मामा भांजा निवासी गीता गौड़ ने जो कहा, उसे सुनकर सभी स्तब्ध रह गए। उसने बताया कि बरामद मोबाइल वापसी के लिए उससे पांच हजार रुपये लिए गए।

# जीआईसी प्रवक्ता की मुख्य परीक्षा आज

### लखनऊ और प्रयागराज में बनाए गए 33 केंद्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रदेश के राजकीय इंटर कॉलेजों(जीआईसी) में प्रवक्ता (पुरुष/महिला) भर्ती 2020 की मुख्य परीक्षा आज प्रयागराज और लखनऊ के 33 केंद्रों पर आयोजित होगी। यह परीक्षा रविवार को दो सत्रों संपन्न होगी। पहले सत्र में सुबह 9:30 से 11:30 और दूसरे सत्र में दोपहर दो से पांच बजे के बीच संपन्न होगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने इस परीक्षा के लिए प्रयागराज में 17 और लखनऊ में 16 केंद्र बनाए हैं।

मुख्य परीक्षा में कुल 14069 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता (पुरुष/महिला) भर्ती परीक्षा 2020 के तहत 16 विषयों में प्रवक्ता के 1473 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके लिए आयोग की ओर से दिसंबर के दूसरे सप्ताह में प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी किया। प्रारंभिक परीक्षा में 15,046 अभ्यर्थी सफल हुए। लेकिन मुख्य परीक्षा के लिए 14069 ने ही आवेदन किया है। पहली बार प्रवक्ता जीआईसी की भर्ती प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के माध्यम से कराई जा रही है। इससे पूर्व जीआईसी प्रवक्ता की भर्ती इंटरव्यू के माध्यम से सीधी भर्ती से होती थी। परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार मिश्र के मुताबिक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केंद्र पर दो फोटो व आईडी प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित हों। प्रवक्ता के 1473 पदों में पुरुष वर्ग के 991 और महिला वर्ग के 482 पद हैं। 19 सितंबर 2021 को हुई प्रारंभिक परीक्षा में पंजीकृत 4,91,370 अभ्यर्थियों में 1,56,957 सम्मिलित हुए थे। प्रवक्ता जीआईसी भर्ती की रविवार को मुख्य परीक्षा में हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के अनुपालन में दो अभ्यर्थी वत्सला शर्मा और आरती यादव शामिल होंगी।

# चंद्रशेखर आजाद पार्क से आम आदमी पार्टी ने निकाली तिरंगा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पंजाब में आम आदमी पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत से उत्साहित पार्टी कार्यकताओं ने आज सिविल लाइन स्थित महानगर पार्टी कार्यालय से अमर शहीद चंद्रदेखर आजाद पार्क तक तिरंगा यात्रा निकाला । तिरंगा यात्रा में शामिल सैकड़ो की संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओ ने आजाद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए संकल्प लिया महानगर महासचिव सर्वेश यादव ने कहा विधान सभा चुनाव में पंजाब की जनता द्वारा सकारात्मक राजनीति का राष्ट्रीय संदेश दिया गया है । पंजाब में आम आदमी पार्टी की प्रचंड जीत को पार्टी ने देश की स्वच्छतापूर्ण सेवा के लिए आम जन द्वारा ऐतिहासिक राष्ट्रीय संदेश और आह्वान माना है ।आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी और सांसद माननीय संजय सिंह के आह्वान पर प्रादेशिक कार्यक्रम के तहत आज दोपहर एक बजे प्रयागराज में महानगर महासचिव सर्वेश यादव तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमे आम जनता और पार्टी कार्यकताओं राष्ट्रीय परिषद सदस्य शिमला त्रिपाठी,अंजनी कुमार मिश्रा, पीयूष शुक्ला,निखिल भारतीय, पवन तिवारी, विकास तिवारी,डॉ० रामकुमार मिश्रा, सुष्मिता राघव, संतोष भारतीय, धीरज तिवारी,आरती वर्मा, सुभाष भारतीय, उर्मिला सिंह, मोहम्मद अजमल, खलिल उल्लाह अंसारी, रंजना कुमारी, विनोद कुमार पटेल, कमल किशोर मिश्रा, गौरव सोनी, लक्ष्मी पंडा, विक्रमादित्य, रितेश सिंह, राजित राम मिश्रा, जसीम अहमद, अब्दुल रहीम, शिल्पा निषाद, राहुल यादव,शामिल रहे।तिरंगा यात्रा की फोटो संलग्न है । कृपया व्यापक जनहित में उपरोक्त समाचार अपने मानद समाचार पत्र में प्रकाशित करने का जष्ट करें।



चन्द्रशेखर आजाद पार्क से आम आदमी पार्टी तिरंगा यात्रा निकालते



### नुक्कड़ नाटक कर स्वच्छ सर्वेक्षण का दिया संदेश

**प्रयागराज।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022के अन्तर्गत नीलकंठ एस ड्ब्ल्यू एम व कैरियर कन्सल्टेंट एसोसिएशन के तत्वावधान मे नगर के मुट्ठी गंज जोन के वार्ड वार्ड नंबर 27 आजाद स्क्वायर के बंगाली टोला सफाई मित्र को गीला कूडा,व सूखा कूडा अलग करके देने के लीए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता अभियान जारी रहा। नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम बंगाली टोला में संपन्न हुआ जिसमे नीलकंठ यस डबल्यू यम के हेड ऋषीकान्त यादव,राकेश जी, साईड हेड यतेन्द्र सिह व नगर निगम के जोनल हेड मयंक यादव ,सेनेटरी इन्सपेक्टर पूजा सिंह,प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप मिश्रा, राजीव श्रीवास्तव, सुपरवाइजर विजय मिश्रा सीसीए संस्था समन्वयक उज्जवल पाण्डेय सुपरवाइजर अर्चना एवम अजय, रोहित, पूजा, पूनम, पूजा वर्मा आकाश आदि मौजूद रहे।

# नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन मेजा तहसील के अध्यक्ष बने श्रीकृष्ण राय

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन प्रयागराज के मेजा तहसील अध्यक्ष बने श्रीकृष्ण राय तथा महामंत्री बने राजेश गौड़ नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन प्रयागराज के मेजारोड स्थित कार्यालय पर यमुनापार जिलाध्यक्ष प्रेमानंद मिश्र की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर मेजा तहसील इकाई का गठन किया गया। जिसमें संगठन के सलाहकार सुशील पांडेय के प्रस्ताव पर सभी पदाधिकारियों की सहमति से श्रीकृष्ण कुमार राय उर्फ गज्जू को तहसील अध्यक्ष तथा राजेश गौड़ (बाबा चाइना) महामंत्री मनोनीत किया गया। इसी दौरान वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चन्द्र त्रिपाठी तथा श्यामकृष्ण राय उर्फ लल्ला सिंह व दुर्गा प्रसाद गुप्ता को संगठन की जिला इकाई में शामिल किये जाने का प्रस्ताव रखा गया,जिसके लिए सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की। इसी क्रम में मेजा तहसील इकाई में निम्नलिखित पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया। जिसमें संगठन सलाहकार सुशील पांडेय,महामंत्री राजेश गौड़,संगठन मंत्री उमेश सोनी,उपाध्यक्ष राम कैलाश विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता,सचिव के पद पर बुद्धसेन वर्मा का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई पत्रकार मौजूद रहे।




## कार्यालय ग्राम पंचायत दान्दूपुर विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत/निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री जैसे :– ईट, सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू, ईट गिट्टी इत्यादि की आपूर्ति हेतु 20000 से 100000 तक की सामग्री का कोटेशन तथा रूपया 100001(एक लाख एक रूपया) से ऊपर की सामग्री हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन सं0 हो मोहर बंद टेण्डर दिनांक 13.01.2022 को पूर्वान्ह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत **दान्दूपुर** के टेण्डर बाक्स में आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे कोटेशनदाता/निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित निविदा कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 06.01.2022 से 13.01.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगे एवं धनराशि/NSC/FD के रूप में ग्राम पंचायत **दान्दूपुर** के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | कार्यस्थल का विवरण | सामग्री का नाम | लागत (लाख में) | टेण्डर/कोटेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दान्दूपुर | मनरेगा | लालचन्द के घर से छोटेलाल के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 125754 | टेण्डर |
| 2. | दान्दूपुर | मनरेगा | शम्भू नाथ के घर से गिरधारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 370798 | टेण्डर |
| 2. | दान्दूपुर | मनरेगा | छोटे लाला प्रजापति के घर से मातादीन प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 397798 | टेण्डर |

राजेन्द्र प्रसाद यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दान्दूपुर
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज।

राम शिरोमणि तिवारी
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत दान्दूपुर
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज


### राशन के लिए कार्ड धारकों को अभी दो दिन करना होगा इंतजार

प्रयागराज। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और उत्तर प्रदेश सरकार की नियमित राशन योजना के तहत राशन कार्ड धारकों को मिलने वाले सरकारी राशन का इस बार बेसब्री से इंतजार है। मुफ्त में मिलने वाले सरकारी राशन लेने के लिए लोग परेशान हैं लेकिन गेहूं, चावल आदि की कमी के कारण उन्हें नहीं मिल पा रहा है, जबकि होली का पर्व निकट है। निर्धारित समय के बावजूद राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। राशन वितरण में मनमानी से कार्ड धारक परेशान और आक्रोशित हो रहे हैं। छह मार्च से 18 मार्च तक राशन का वितरण होना था लेकिन 12 मार्च तक राशन का वितरण शुरू नहीं हो पाया है। राशन वितरण में हो रही मनमानी की खिलाफ कार्ड धारक शिकायत भी कर रहे हैं लेकिन उसका निस्तारण नहीं हो रहा है। सभी राशन कार्ड धारकों को महीने में दो बार मुफ्त राशन मिलता है। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से नियमित राशन योजना के तहत गेहूं, चावल के साथ तेल, नमक, चना भी मुफ्त में मिलता है। हालांकि इस माह यानी मार्च में तेल, चना और नमक की कमी के कारण राशन का उठान ही नहीं किया गया है। कुछ स्थानों पर राशन मिला है तो तेल, दाल और नमक नहीं मिला है। जिला आपूर्ति अधिकारी बोले- चुनावी व्यस्तता से राशन वितरण में हो रही देरी।

# बेली में आज से मुफ्त होगी सिटी स्कैन, मरीजों को मिलेगी सुविधा



सिटी स्कैन का लोकार्पण करते कमिश्नर व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के बेली (तेज बहादुर सप्रू) अस्पताल में अब इलाज के लिए आने वाले मरीजों को काफी राहत मिलेगी। अब उन्हें रुपए देकर बाहर से सीटी स्कैन नहीं कराना होगा। क्योंकि अस्पताल के अंदर ही एडवांस टेक्नोलॉजी वाली सीटी स्कैन मशीन स्थापित हो चुकी है। यहां आने वाले प्रत्येक मरीज का सीटी स्कैन मुफ्त में होगा। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार अखौरी ने बताया कि अस्पताल में सीटी स्कैन यूनिट तैयार है। 12 मार्च को कमिश्नर संजय गोयल द्वारा इस यूनिट का लोकार्पण किया गया। यहां सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक सीटी स्कैन कराने की व्यवस्था रहेगी।

### प्रतिदिन होती है करीब दो हजार मरीजों की ओपीडी

तेज बहादुर सप्रू अस्पताल में शहर के अलावा पूरे जिले के मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं। यहां एम आर आई व सीटी स्कैन की व्यवस्था पहले भी थी लेकिन सिटी स्कैन की मशीन बहुत पुरानी हो चुकी थी और इससे मरीजों की जांच नहीं हो पाती थी। अब नई एडवांस टेक्नोलॉजी वाली मशीन यहां स्थापित हो गई है। इससे यहां आने वाले मरीज बिना किसी शुल्क के सीटी स्कैन करा सकते हैं।अस्पताल के (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) डॉ. किरण मलिक ने बताया कि सीटी स्कैन यूनिट होने से यहां आने वाले मरीजों को काफी सहूलियत होती है। यहां आने वाले कुछ मरीज आर्थिक रूप से कमजोर भी होते हैं और उनके लिए यह बड़ी सौगात है। यहां प्रतिदिन 1500-2000 मरीजों की ओपीडी प्रतिदिन होती है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बारी विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत/निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री जैसे :– ईट, सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू, ईट गिट्टी इत्यादि की आपूर्ति हेतु 20000 से 100000 तक की सामग्री का कोटेशन तथा रूपया 100001(एक लाख एक रूपया) से ऊपर की सामग्री हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन सं0 हो मोहर बंद टेण्डर दिनांक 20.03.2022 को पूर्वान्ह 10बजे से अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत **बारी** के टेण्डर बाक्स में आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे कोटेशनदाता/निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित निविदा कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 13.03.2022 से 20.03.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगे एवं धनराशि/NSC/FD के रूप में ग्राम पंचायत **बारी** के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | कार्यस्थल का विवरण | सामग्री का नाम | लागत (लाख में) | टेण्डर/कोटेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बारी | मनरेगा | भुल्लर के घर से रामबाबू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य लम्बाई 60 मीटर चौडाई 2.50 मीटर | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 2 लाख | टेण्डर |
| 2. | बारी | मनरेगा | भुलई तेली के घर से नवीन उर्फ खड़क सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 4 लाख | टेण्डर |

खुशबू देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बारी
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज।

सुरेन्द्र कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बारी
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज


# गंगा स्वच्छता की जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया का सही प्रयोग है प्रभावशाली : डॉ मंजु

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा 7 दिवसीय स्पीयर हेड टीम का जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है । नमामि गंगे की जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया कि आज प्रशिक्षण के चौथा दिवस था और इसमें रोज सुबह प्रात 6 बजे योगाभ्यास कार्यक्रम होता है उसके पश्चात चेतना गीत होता है और फिर विभिन्न विभाग के विशेषज्ञों आकर युवाओं को पर्यावरण ,संरक्षण के तरीके ,गंगा स्वछता ,और संप्रेषण कौशल, युवाओं की भूमिका, व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का प्रशिक्षण के दिया जा रहा है। चौथा दिवस पर सर्वप्रथम राज्य प्रशिक्षक महेश द्विवेदी द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का परिचय तथा नेहरू युवा केंद्र संगठन , राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन का उद्देश्य एवं विभिन्न कार्यक्रम के बारे में युवाओं को अवगत कराया । इसी क्रम में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ मंजु सिंह ने प्रभावी संचार कौशल में युवाओं की भूमिका तथा सोशल मीडिया के प्रयोग करने की सही रणनीतियाँ के बारे में युवाओं से विस्तार में चर्चा की और और कहा कि संप्रेषण कौशल से युवा अपनी बात बेहतर तरीके से रख सकते हैं और सोशल मीडिया के सही प्रयोग से प्रभावशाली तरीके से समुदाय में जागरूकता की जा सकती है ' डॉ मंजू ने विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से टीम वर्क वर्कशॉप का आयोजन भी किया जिसमें नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की भूमिका पर समूह बना के प्रतिभागियों ने प्रेजेंटेशन दिया ।समाजसेवी राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि कैसे गंगा स्वच्छता हेतु वे गंगा के प्रति विभिन्न घाटो में जा कर अपने स्वच्छता और गंगा के लिखे स्लोगन परिधान पहनकर घूम घूम कर लोगों को जागरूक करते है गंगा को प्रदूषण से बचाने के लिये उन्हें समझने का प्रयास करते है। यूनिसेफ की टीम ने आकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान कि और कार्यक्रम का समापन राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा द्वारा संस्कृति कार्यशाला में युवाओं को, गायन , नुक्कड़ नाटक के लिए प्रोत्साहित कर के किया गया।




नमामि गंगे परियोजना के तहत युवाओं को जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण देते

# ग्राम पंचायतों को जागरुक किये बिना ग्राम सभा का विकास संभव नहीं

## जागरुकता के लिये छह अप्रैल को होगा महासम्मेलन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी एवं जिला सहकारी बैंक की पूर्व अध्यक्षा सिंधुजा मिश्रा ने कहा है कि जब तक ग्राम सभा जागरुक नहीं होगी, तब तक गांव को शासन से मिलने वाले पैसे का सही सदुपयोग नहीं हो पाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रदेश मंत्र परिषद, जिले में जिला पंचायत, ब्लाक में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम सभा में ग्राम पंचायत सदस्यों की प्रमुख भूमिका होती है। इनमें जागरुकता पैदा करने के लिये चंद्रदत्त सेनानी न्याय द्वारा आगामी छह अप्रैल को जिला मुख्यालय पर ग्राम पंचायत सदस्यों, प्रधानों, बीडीसी सदस्यों का एक बड़ा जागरुकता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके पहले तहसील स्तर व ब्लाक स्तर पर सम्मेलन आयोजित कर पंचायत की निचली सतह को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। श्री सेनानी व सिंधुजा मिश्रा शनिवार को कुण्डा चुनाव से खाली होने के बाद नगर के लीला पैलेस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री सेनानी ने कहा कि ग्राम सभाओं के विकास के लिये सरकार अकूत पैसा भेजती है। इससे गांव के विकास के सदस्यों की राय से खर्च किया जाना चाहिये लेकिन सदस्यों की उदासीनता से कुछ कार्य तो कागजों पर हो जाते हैं। उन्होंने ग्राम सभा सदस्यों की बैठक प्रधान को वर्ष में दो बार बुलानी चाहिये लेकिन ज्यादातर ग्राम सभाओं में सदस्यों के बिना जानकारी के सरकारी धन का बंदरबांट किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना के कारण विगत दो वर्षों से पंचायत सदस्यों की जागरुकता पर कार्यक्रम नहीं हुए लेकिन अब फिर चंद्रदत्त सेनानी न्यास पहले ही तरह जागरुकता कार्यक्रम चलाएगा। इसमें अधिवक्ता, शिक्षक, व्यापारी, किसान सभी का सहयोग जरुरी है। पत्रकारवार्ता के प्रारंभ में हेमंत नंदन ओझा ने पंचायती राज व्यवस्था के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पत्रकारवार्ता में अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा भी मौजूद रहे।


पत्रकारवार्ता में बोलते शिव प्रकाश मिश्र सेनानी व सिंधुजा मिश्रा।

## एआरपी टीम ने खंगाली जोगापुर स्कूल की शिक्षा व्यवस्था

**प्रतापगढ़।** संविलियन विद्यालय जोगापुर ब्लाक सदर में शनिवार को पहुंची एआरपी की टीम ने शिक्षा व्यवस्था की हकीकत को खंगाला। इससे टीम के लोग संतुष्ट नजर आये। उन्होंने टीचरों को बेहतर पठन पाठन के टिप्स दिये। कहा कि वार्षिक परीक्षा 22 से शुरू है। इसको सकुशल सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर न रह जाय। सदर ब्लाक के एआरपी (एकेडेमिक रिसोर्स पर्सन्स) योगेश सिंह और राजीव सिंह कंपोसिट स्कूल में बच्चों से मिले। टीचरों के साथ मीटिंग की। उनसे पठन पाठन में आ रही दिक्कतों को जानने का प्रयास किया। कहा कि स्कूल में पठन पाठन का बेहतर माहौल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी दी है। मीटिंग में विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# एमडीपीजी कालेज में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से जनपद के दस नोडल केंद्रों पर शुरू हुईं। आज प्रथम पाली में बीसीए प्रथम सेमेस्टर तथा द्वितीय पाली में बी एड प्रथम सेमेस्टर तथा बी सी ए पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं हुईं। एमडीपीजी कॉलेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि इस नोडल केंद्र पर प्रथम पाली में 33 परीक्षार्थी नामांकित थे जिनमें 30 उपस्थित तथा 3 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 927 परीक्षार्थी नामांकित थे जिनमें 916 उपस्थित तथा 11 अनुपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में महाविद्यालय काआंतरिक सचल दल प्रवेश के समय गेट पर तथा परीक्षा के दौरान कमरों मे सक्रिय रहा। डॉ अरुण कुमार तिवारी,डॉ राधाकृष्ण दूबे,डॉ छवि नारायण पाण्डेय, डॉ देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ पी के सिंह, डॉ मायाशंकर कौशल की टीम लगातार परीक्षार्थियों की तलाशी एवं परीक्षा की निगरानी करती रही।


एमडीपीजी कालेज में विषम सेमेस्टर की परीक्षा देते परीक्षार्थी।

## राशन वितरण न होने से कार्डधारक परेशान

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायतों में माह मार्च का अभी तक राशन न मिलने से कोटेदार की दुकान का कार्डधारक चक्कर लगा रहे हैं जब कि मार्च में 13 दिन बीत गए, अभी तक फ्री में मिलने वाला राशन कार्डधारकों को नही मिला। इस बाबत जब विपणन निरीक्षक ममता वर्मा से जानकारी किया तो बताया कि एक दो दिन में रिफाइंड तेल आ जायेगा उसी के साथ राशन वितरण शुरू हो जाएगा।

# डिग्री कालेज कालाकांकर में 106 छात्रों को मिला टेबलेट


टेबलेट वितरण के दौरान रत्ना सिंह व प्राचार्य डा0 शिवम।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर प्रतापगढ़ में उत्तर प्रदेश सरकार के टेबलेट एवम स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत एम ए फाइनल के 74 विद्यार्थियों को तथा एम कॉम फाइनल के 32 विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण राजकुमारी रत्ना सिंह, महाराज जय सिंह सिसोदिया, प्राचार्य डॉ शिवम श्रीवास्तव एवम राजभवन कालाकांकर के मैनेजर डॉ घनश्याम यादव द्वारा किया गया। वितरण कार्यक्रम में राजकुमारी रत्ना डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ शिवम श्रीवास्तव ने टेबलेट की उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी डॉ सूर्यभान सिंह ने किया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ इंदुरेखा सिंह, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ विनीता सिंह, डॉ शिवभूषण, डॉ रामकरन, प्रीती सिंह, ज्योति गुप्ता, डॉ सृष्टि कुशवाहा, एस पी सिंह चैहान, सर्वेश कुमार सिंह, भूपेश सिंह, अब्दुल रज्जाक, उदय सिंह, नवल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## टाइल मैकेनिक की मौत का अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** 10 दिन पहले भरोखन नहर पुलिया के समीप टाइल मैकेनिक की लाश मिलने के मामले में पुलिस मामले में खुलासा करते हुए एक हत्यारोपी को शनिवार को जेल भेज दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भरोखन नहर पुलिया पर 10 दिन पहले कंसापट्टी गांव के रहने वाले मनोज बर्मा की सुबह ग्रामीणों ने गेहूं के खेत में शव पड़ा हुआ देखा था। बाइक के नंबर से युवक की पहचान शिनाख्त होने पर मौके पर पुलिस पहुंची तो परिजनों को सूचित किया गया मृतक की पत्नी ने इस संबंध में मनोज के पार्टनर आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के परसद गांव के रहने वाले सुनील के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था पुलिस मामले में लगातार तफ्तीश कर रही थी शनिवार को पुलिस ने परसद गांव के फूलचंद को कल्लू नगर चैराहे से गिरफ्तार कर लिया।

# धीरे-धीरे व्यापक रुप लेता जा रहा हृदय रोगः डा0 एसएस

## इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन कुसुम हास्पिटल कटरा रोड पर प्रातः नौ बजे से आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ डा0 आरके सिंह द्वारा किया गया।

पूर्वान्ह ग्यारह बजे उद्घाटन सत्र का आयोजन इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा0 एसएस गुप्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में डा0 आरके सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में डा0 निशांत त्रिपाठी हृदय रोग विशेषज्ञ प्रयागराज मौजूद रहे। इस दौरान डा0 एसएस गुप्त ने कहा कि हृदय सम्बन्धी रोग धीरे-धीरे व्यापक रुप लेता जा रहा है तथा कई लक्षणों को भी लोग हृदय से जोड़कर देखने लगे हैं इसलिये ऐसे मामले में परीक्षण की आवश्यकता पड़ती है।

उन्होंने कहा कि रोगियो की सुविधा के लिये इस शिविर का आयोजन करने का निर्णय हमारी शाखा द्वारा लिया गया तथा डा0 राजेन्द्र सिंह को आयोजन समिति का अध्यक्ष नामित किया गया। डा0 राजेन्द्र सिंह ने शिविर की रुपरेखा प्रस्तुत की। सचिव डा0 आरके मिश्र ने बताया कि शिविर में सेवाएं हेतु चिकित्सा विशेषज्ञों, औषधी प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर शिविर की कार्य योजना को अंतिम रुप दिया गया। डा0 निशांत त्रिपाठी हृदय रोग विशेषज्ञ प्रयागराज ने हृदय रोग सम्बन्धी जानकारी दी। इस दौरान प्रकाशित होने वाली स्मारिका की पाण्डुलिपि का विमोचन किया गया। शिविर में 140 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें दवाएं भी वितरित की गई। अंत में डा0 घनश्याम अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार जताया। संचालन डा0 शिवमूर्ति लाल मौर्य ने किया। इस मौके पर डा0 एके श्रीवास्तव, डा0 आरपी चैबे, डा0 रवि कुमार श्रीवास्तव, डा0 मिनहाज खान, डा0 एससी मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।



शिविर में बोलते डा0 एके कुलश्रेष्ठ।


एक दूसरे का मुंह मीठा कराते भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपा के बहुमत मिलने पर सनातनी हितकारिणी ने जताया हर्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सनातनी हितकारिणी न्यास के अध्यक्ष भाजपा नेता ठाकुर प्रकाश सिंह की अगुवाई में कैम्प कार्यालय कुंडा में भाजपा कार्यकताओं ने चार राज्यों में भाजपा के बहुमत पर एक दूसरे को बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया। ठाकुर प्रकाश सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुशासन की जीत हुई है। सरकार की ईमानदार सोंच का परिणाम ही बहुमत है। इस दौरान रमेश मौर्य, नीलू यादव, कृष्णा, नंदलाल पटेल, मुकेश चमार, राहुल बावली आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना में युवक की मौत, घर में कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूटी का अचानक टायर फट जाने से दो गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। इलाज के दौरान चुटहिलों मे से एक की मौत हो गयी। सांगीपुर थाना के बासूपुर पहाड़पुर निवासी अमरनाथ सरोज का बेटा राहुल सरोज 30 सगरा सुंदरपुर से लक्ष्मणपुर की ओर जा रहे एक स्कूटी सवार से लिफ्ट मांगी। रास्ते मे अचानक स्कूटी का टायर फट जाने से वह असंतुलित होकर खडड मे गिर गयी। बाइक पर बैठा राहुल सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आननफानन मे ग्रामीणों ने चुटहिल राहुल को इलाज के लिए लक्ष्मणपुर पीएचसी भेजवाया। यहां चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। इधर स्कूटी सवार दुर्घटना को लेकर सहम गया और आननफानन मे पंचर बनवाकर मौके से हट गया। सूचना मिलने पर रोते बिलखते युवक का पिता अमरनाथ मौके पर पहुंचा। अमरनाथ के मुताबिक राहुल की पत्नी संजू देवी तथा दो वर्ष की बेटी परी अनाथ हो गयी। इधर बेटे की मौत से मां सुशीला देवी भी रोने बिलखने लगी। सूचना पर लालगंज व जेठवारा पुलिस मौके पर पहुंची। जेठवारा पुलिस ने सीमा का हवाला देते हुए शव लालगंज पुलिस के हवाले कर निकल गयी। जानकारी होने पर कोतवाल कमलेश पाल भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर दोपहर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

## प्रमोद तिवारी पर अभद्र वीडियो वायरल होने पर केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रमोद तिवारी के खिलाफ सोशल मीडिया पर भाजपा प्रत्याशी के द्वारा अमर्यादित वीडियो संदेश वायरल करना मंहगा पड़ा। प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने भाजपा प्रत्याशी एवं एक समर्थक समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है। हालिया विधानसभा चुनाव मे केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की बेटी विधायक आराधना मिश्रा मोना को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीत मिली है।

आराधना मिश्रा मोना ने भाजपा के प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार को चुनाव मे करारी शिकस्त दी है। नागेश प्रताप सिंह का एक वीडियो शुक्रवार की देर रात फेसबुक व सोशल मीडिया पर वायरल हो उठा। वीडियो मे नागेश प्रताप सिंह ने प्रमोद तिवारी को लेकर हिंसक एवं अमर्यादित शब्दावलियों का प्रयोग किया है। भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह का वीडियो वायरल होते ही प्रमोद तिवारी के समर्थकों व कांग्रेस कार्यकताओं मे आक्रोश फैल गया। वायरल वीडियो को लेकर शनिवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौपी जिसके बाद छोटे सरकार व एक समर्थक पर रिपोर्ट दर्ज हुआ है।

## दो बच्चों की मां मायके से फरार, पीड़ित पति ने दी थाने में तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली में पड़ोसी जनपद जौनपुर के एक युवक की पत्नी मायके से दो बच्चों को छोड़कर फरार हो जाने पर पीड़ित पति ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया है । पीड़ित को एक व्यक्ति द्वारा धमकी दी जा रही है। पड़ोसी जनपद जौनपुर के सिकरारा थाना अंतर्गत कुर्मी पड़ान गांव के रहने वाले महेंद्र कुमार सरोज की शादी प्रतापगढ़ जनपद के पट्टी कोतवाली क्षेत्र के हर्रईपट्टी गांव में हुई थी । पट्टी कोतवाली में प्रार्थना पत्र लेकर शनिवार को पहुंचे महेंद्र सरोज ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं और वह 26 फरवरी को अपनी पत्नी को ससुराल हर्रईपट्टी में छोड़कर घर लौट आया था। शनिवार को जब वह अपनी ससुराल पत्नी को लाने के लिए वहां पहुंचा तो उसके ससुर तथा सास ने कहा कि उसकी पत्नी तो घर से भाग गई है। साथ ही साथ वह घर का सारा गहना, जेवरात भी ले गई है। पीड़ित पति ने यह भी बताया कि जिस युवक के साथ उसकी पत्नी भागी है, उसने फोन नंबर से उसे धमकी भी दिया है। पीड़ित ने इस संबंध में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

## शहीद मर्द बाबा का सालाना उर्स सादगी के साथ हुआ सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के नवाबगज थाना के मुरस्सापुर नवाबगंज में शुक्रवार व शनिवार को दो दिवसीय हजरत शहीद मर्द बाबा का सालाना उर्स बड़े ही सादगी के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमे अकीकत मंद लोगो ने बड़े ही सादगी के साथ बाबा की मजार पर जाकर मन्नतें मांगी और बाबा की मजार पर फूलों की चादर व प्रसाद चढ़ाकर अपने परिवार के लिए दुआ मांगी। रात में उर्स के समापन पर ताहिर चिश्ती बदायूं व अरसद चिश्ती बरेली के बीच कव्वाली का प्रोग्राम उर्स कमेटी द्वारा किया गया हैं। दो दिवसीय सालाना उर्स के प्रोग्राम में स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से डटे रहे। एस आई सुरेंद्र सिंह अपने स्टाफ के साथ मेले का भ्रमण करते रहे। शांति पूवर्क ढंग से मेले का समापन होने पर मेला कमेटी व पुलिस ने राहत की सांस ली। मेला उर्स कमेटी के आरिफ खान कोटेदार, जलील खान, पप्पू असगर, साउथ खान, हाजी इमरान, सलमान अंसारी, साबित अंसारी, सरफराज मंसूरी, आरिफ खान, आदिल सिद्दीकी, मंसूर अहमद पूर्व प्रधान अपने कार्यकताओं के साथ मौजूद रहे।

# पडोसी ने घर में घुसकर कर धारधार हथियार से किया हमला, चार घायल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार की सुबह पडोसी ने अपने पड़ोसी के घर में घुसकर धारधार हथियार से मारपीट की। घटना में महिला समेत तीन किशोरियों को गंभीर चोटे आई।पीडिता ने पुलिस को तहरीर दी है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के चंदापुर निवासिनी आंचल पुत्री राजेन्द्र कोरी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार की सुबह वह दरवाजे पर बैठी थी। गांव के सुनील व दिलीप पुत्रगण श्यामलाल,मनीषा पत्नी दिलीप व साबित्री पत्नी श्यामलाल पुरानी रंजिश को लेकर दरवाजे पर आकर गाली देते हुए लाठी व धारधार हथियार से मारना-पीटना शुरू कर दिया।

हल्ला-गुहार मचाने पर मेरी बहने शिखा,काजल व सुनीता दौड़ी तो उसे भी मारा-पीटा। हम लोग जान बचा कर घर में घुस गए तो उक्त आरोपी घर में घुस कर पीटने के साथ घरेलू सामान तोड़ कर धमकी देते हुए चले गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने एंबुलेस की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

## एंजिल्स साझा काव्य संग्रह का भव्य विमोचन आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** देश, प्रदेश और प्रतापगढ़ जनपद के 115 प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकारों की उत्कृष्ट रचनाओं से परिपूर्ण एंजिल्स साझा काव्य संग्रह का विमोचन रविवार को दोपहर एक बजे से जिला मुख्यालय पर कटरा रोड स्थित बंधन पैलेस में किया गया है। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार लोकेश कुमार शुक्ला निदेशक आकाशवाणी प्रयागराज, अध्यक्षता प्रतापगढ़ के वरिष्ठ कवि और साहित्यकार डॉ संगम लाल त्रिपाठी भंवर एवं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ श्याम शंकर शुक्ला श्याम करेंगे। एंजिल्स साझा काव्य संग्रह में प्रतापगढ़ जनपद के वरिष्ठ कवियों साहित्यकारों सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं अन्य प्रांतों मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, दिल्ली, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों के वरिष्ठ कवियों और साहित्यकारों की रचनाओं का समावेश किया गया है। एंजिल्स साझा काव्य संग्रह में न्यूज मूवमेंट प्रतापगढ़ ब्यूरो पत्रकार एवं गीतकार ओम प्रकाश गुप्ता प्रकाश की रचनाएं शामिल की गई हैं। एंजिल्स काव्य संग्रह की संपादक डॉ.शाहिदा और संरक्षक डॉ संगम लाल त्रिपाठी भंवर हैं। विमोचन समारोह में कई दर्जन रचनाकार उपस्थित रहेंगे।

# स्टेशन पर शराबियों का उत्पात, यात्री परेशान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शनिवार को दो नशेड़ी प्लेटफार्म एक पर उत्पात मचा रहे थे। चंद कदम की दूरी पर स्थित जीआरपी को इसकी भनक तक नहीं थी। उनके द्वारा दी जा रही गालियों को सुनकर यात्री भाग रहे थे। दोपहर से ही दोनों नशेड़ी प्लेटफार्म पर दाखिल होकर इधर उधर घूमकर यात्री को गालियां बक रहे थे। शाम तक यह सब चलता रहा। दोनो टीसी और एसएम दफ्तर के बीच जमीन पर लोटते रहे। जो भी बगल से गुजरता गाली सुनता। यात्रियों की सुरक्षा दम भरने वाली जीआरपी नजर नहीं आई। जबकि एसओ खुद को तेजतर्रार बताते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि एक नशेड़ी परिवार के साथ था। उसने इतनी पी रखी थी कि पत्नी को नहीं पहचान रहा था। उसे भी बार बार गंदी गालियां दे रहा था। एक शीशी जेब में रखे था। वह भट्ठे का मजूदर बताया जाता है जो नौतनवा एक्सप्रेस पकड़ने आया था। जबकि दूसरा नशेड़ी शहर में अक्सर घूमता रहता है।

## पोर्टर से स्टेशन मास्टर बने रिजवान की हुई ताजपोशी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डेढ़ दशक पहले जिस स्टेशन पर बतौर पोर्टर नौकरी की शुरूआत की। बाद में वहीं स्टेशन मास्टर के पद पर ताजपोशी हुई। साथियों ने गर्म जोशी के साथ इस्तेकबाल किया तो मोहम्मद रिजवान की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऐसा स्वागत पाकर उनकी आंखें नम हो गई। करीब पंद्रह वर्ष पहले रिजवान ने प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर अपनी नौकरी की शुरूआत पोर्टर से की थी। कठिन परिश्रम के साथ तैयारी की। विभागीय परीक्षा दी। रिजल्ट आया स्टेशन मास्टर पद पर उनकी तैनाती हुई। प्रतापगढ़ स्टेशन पर शनिवार को जॉइन करने आये रिजवान का उनके साथियों और एसएस मोहम्मद शमीम ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

## पत्नी ने पति के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी के 6 साल बीत जाने के बाद भी शराबी पति द्वारा महिला से नकदी मांगने और परेशान करने के मामले में परेशान होकर पत्नी ने पट्टी कोतवाली में अपने पति के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर बारडीह गांव की रहने वाली सावित्री पत्नी सोनू हरिजन ने बताया कि उसकी शादी छह साल पहले हो चुकी है उसके दो बच्चे भी हैं उसका पति सोनू सुबह से लेकर शाम तक नशे में टल्ली रहता है और उसे घर पर मारता पीटता है। शनिवार की सुबह उसने अपनी पत्नी से 50 हजार रुपये मायके से लाने के लिए कहा। पीड़ित पत्नी ने जब असहमत होकर कहा कि उसका मायका बहुत ही गरीब है तो उसने उसे लात घूसों से उसे पीटकर घर से निकाल दिया और कहा कि अगर दोबारा घर पर आई तो हत्या करवा दूंगा। पीड़ित महिला पट्टी कोतवाली पहुंची और अपने पति के खिलाफ थाने में तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## नदी में नर कंकाल मिलने से मचा हड़कम्प

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के बकुलाही नदी में गुरुवार को एक नरकंकाल मिलने से हड़कम्प मच गया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची ने नरकंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार नरकंकाल की चप्पल तथा कपड़े के आधार पर कुंडा क्षेत्र के बाबूपुर कनांवा निवासी वीरेंद्र सोनकर पुत्र राजेन्द्र प्रसाद सोनकर (36) वर्षीय के रूप में पहचान हुई।पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गुरुवार देर रात घर पहुंचा। शुक्रवार को परिजनों ने घटना की दूसरी तहरीर विनोद सोनकर उर्फ राकेश संजय सोनकर तथा सत्येंद्र सोनकर के नाम महेशगंज पुलिस को दी और रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज किया तो आक्रोशित परिजन लोग शव को तीन बजे घर से उठा कर कुंडा जेठवारा मार्ग पर रखकर रोड जाम कर दिया। परिजन लोग डीएम,एसपी तथा राजा भइया को बुलाने की मांग करने लगे।परिजनों का आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की कुंडा तहसीलदार पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज,जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल की सूझ बूझ और कुंडा व महेशगंज पुलिस की तत्परता से मृतक के परिजनों की मांग को मानते हुए जाम खत्म कराया गया।

## खबर संक्षेप

### फांसी पर झूला किसान मौत

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के फरीदपुर सवरो गांव में एक किसान फांसी पर झूल गया है जिससे उसकी मौत हो गई है किसान की मौत के पीछे पारिवारिक कलह बताई जाती है सूचना पाकर मौके पर पहुंची करारी पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के फरीदपुर सवरो गांव निवासी जीतलाल उम्र 60 वर्ष का अपने पुत्र और पुत्रवधू से आए दिन विवाद होता था वह अपने बेटे और पुत्रवधू के आचरण से परेशान था कुछ दिन पहले जीतलाल अपनी बेटी के घर चला गया था 2 दिन पूर्व जीतलाल गांव लौटा है शनिवार को उसकी लाश फंदे पर लटकती मिलने की चर्चा हुई है मामले की सूचना करारी पुलिस तक पहुंच गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जीतलाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं ग्रामीण जीतलाल की मौत पर तरह-तरह की चचाएं कर घटना को संदिग्ध बता रहे हैं मामले की जांच पुलिस कर रही है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही जीतलाल की मौत से पर्दा उठेगा।

# लूट का आरोपी अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार

**7 मार्च को कौशांबी थाना के सोंधिया के पास लूट सहित पुलिस टीम पर फायर की वारदात को आरोपी ने कबूला**



पुलिस हिरासत में लूट का आरोपी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** लूट के आरोपी को सराय अकिल थाना पुलिस ने तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध लिखापढ़ी कर पुलिस ने अदालत में भेज दिया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी चायल के पर्यवेक्षण में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा तलाश वांछित अपराधी व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन व क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर जरैनी पुलिया के पास से वाछित अभियुक्त कैलाश पुत्र रामजस निवासी टिकरा बरेली थाना पिपरी को गिरफ्तार कर जमा तलाशी से एक अवैध तमंचा 12 बोर व जिन्दा कारतूस 12 बोर व जेब से 240 रुपये बरामद कर अभियुक्त कैलाश के पास उपरोक्त शस्त्र के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर बताया कि थाना कौशाम्बी ग्राम सोधिया की लूट व 07 मार्च 2022 पुलिस मुठभेड़ में पुलिस पर फायर करना आरोपी ने स्वीकार किया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है पुलिस के मुताबिक उपनिरीक्षक श्याम प्रकास पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 15/21 धारा 279/338/304ए भा०द०वि० से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कमलेश कुमार पुत्र परसन पासी निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को पूरब शरीरा नहर पुलिया के पास से समय करीब 11.30 बजे गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के बाद अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## डीजीपी के निर्देश के एक हफ्ते बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में महिलाओं को पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद डीजीपी कार्यालय ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया लेकिन एक हफ्ते पूर्व डीजीपी के निर्देश के बावजूद आरोपियों पर पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है जिससे स्थानीय पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। डीजीपी का निर्देश पुलिस के लिए हवा-हवाई साबित हो रहा है और दबंगों के आगे चरवा पुलिस ने हथियार डाल दिए हैं। बताते चलें कि चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव की मुन्नी बेगम उनकी बेटी नाजिया बेगम तबस्सुम बेगम पति अच्छे आदि पर एक महीने के बीच चार बार दबंगों ने बेरहमी से हमला किया है मुन्नी बेगम और उनकी बेटियों को गांव में दौड़ा दौड़ा कर लाठी-डंडों से खुलेआम पीटा है दबंगों के अत्याचार को तमाशबीन बनकर सैकड़ों ग्रामीणों ने देखा है भीड़ ने हमले का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था जिसकी शिकायत डीजीपी से हुई है लेकिन पुलिस फिर भी हमले को दोनो तरफ से हमले का रंग देने के प्रयास में लगी है । मामले में डीजीपी का निर्देश मिलने के बाद चरवा पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने का भी मामला उजागर हो रहा है मुन्नी बेगम और उनकी बेटियों पर लगातार 10 फरवरी 28 फरवरी सहित एक महीने में 4 बार हमला किए जाने के बाद भी चरवा पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय मार खाने वाले पीड़ित परिजनों पर ही शांति भंग की धारा दर्ज कर पीड़ितों से समाज और दबंगो पर खतरे का अंदेशा व्यक्त किया है।

## न्यूज झरोखा

### फूल लगे फलदार वृक्ष की कटान जोरों पर

**सिराथू वन रेन्जर की मिली भगत से हरियाली हो रही खत्म**



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चमरूपुर ग्राम पंचायत में अस्पताल के नजदीक हरे महुँआ के पेड़ बगैर परिमीशन के काटे जा रहे हैं जिसमें पुलिस और वन विभाग को जानकारी के बाद भी हरे फलदार पेड़ की कटान नहीं रुक रही है हरे पेड़ काटने वाले वन माफिया बेखौफ तरीके से फलदार पेड़ को काट रहे हैं विभाग की मिलीभगत के चलते प्रतिदिन हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं और इधर एक सप्ताह के हरे पेड़ों की कटाई माफिया बेधड़क कर रहे है आखिर कौन हैं जो हरे फलदार पेड़ को कटवा रहा हैं। इन फलदार पेड़ के कटान से क्षेत्र में हरियाली की कमी हो रही है जबकि हरे पेड़ों के कटान में लगे माफियाओं के सहयोग में क्षेत्र के वनकर्मी प्रभारी व रेन्जर से सहयोग लेकर हरियाली को खत्म किया जा रहा है। जुमार्ना कराकर वन माफियाओं पर रिपोर्ट दर्ज कराने के बजाय पेड़ कटवाने का जुगाड़ विभागीय अधिकारी नियम विरुद्ध तरीके से बना रहे हैं अगर जिले के आला अधिकारी ध्यान नहीं दिये तो वन संपदा समाप्त होने में समय नहीं लगेगा।

### अज्ञात लोगों ने केला के पेड़ों को काटकर किया नष्ट



**कौशांबी।** नेवादा ब्लाक अंतर्गत आलमपुर के धर्म नारायण दिवाकर पुत्र राम दुलारे एक गरीब किसान है उन्होंने केला की खेती किया हैं शनिवार की सुबह वह खेतों की तरफ गए तो देखा कि केला के बहुत सारे पेड़ो को काट दिया गया है और काटे गए पेड़ खेतों में पड़े हैं कटे पड़े देखा तो किसान के होश उड़ गए वही उनका कहना है हमसे किसी से दुश्मनी नहीं है पर ऐसा लोगों ने क्यों किया हमें मालूम नहीं किसान का कहना है कि कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा हमारे केला के पेड़ों को काट कर नष्ट कर दिया जिससे हमें काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

# शांतिपूर्वक मनाएं होली का त्यौहार : चरवा थानेदार

**शराब पीकर सार्वजनिक स्थल पर उपद्रव करने वाले लोगो को थानेदार ने चेतावनी देते हुए सावधान रहने की नसीहत दी है**

**अखंड भारत संदेश**



चरवा थाने में पीस कमेटी की बैठक में पुलिस और संभ्रांत नागरिक

**कौशांबी।** आगामी होली के त्यौहार की कुशलता को लेकर क्षेत्र के गणमान्य संभ्रांत लोगों की एक बैठक चरवा थाने में शनिवार की दोपहर सम्पन्न हुई है पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित क्षेत्र के संभ्रांत गणमान्य लोगों से थानेदार संतोष शर्मा ने कहा कि होली का त्यौहार और होलिका दहन परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा नई व्यवस्था नहीं कायम की जाएंगी उन्होंने कहा कि शांति पूर्वक हर्ष उल्लास के साथ होली के त्योहार सभी लोग मनाए और त्यौहार का आनंद लें। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि होली के त्यौहार के दौरान अराजकता और खुशी के इस त्यौहार में खलल डालने का प्रयास करने वालों को चिन्हित करने में सहयोग करें उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि यदि होली के पर्व पर किसी ने अराजकता फैलाने या खलल डालने का प्रयास किया तो अराजक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी जिससे इलाके के लोग परंपरागत तरीके से शांतिपूर्वक अमन-चैन के साथ होलिका दहन करें और रंगो के इस पर्व की खुशियां मनाएं उन्होंने कहा कि बेवजह के विवाद से बचें और शराब पीकर सार्वजनिक स्थल पर उपद्रव करने वाले लोगो को थानेदार ने चेतावनी देते हुए सावधान रहने की नसीहत दी है। होली पर्व को लेकर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में चरवा पावर हाउस जेई बलवंत राम भारतीय,लोकीपुर पॉवर हाउस जेई रामबहादुर भारतीय ,नायब तहसीलदार मोवीन अहमद, और क्षेत्र के सभी लेखपाल उपस्थित रहे नगर पंचायत चरवा को थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक के विषय में सूचित किया गया किंतु नगर पंचायत चरवा से कोई भी मीटिंग में नहीं आए। चरवा थाना क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान पति आशीष कुमार पाण्डे समसपुर , पन्नोई ग्राम प्रधान विनोद कुमार , सैय्यद सरावा मो असद, बली पुर टाटा ग्राम प्रधान पति वीरेंद्र कुमार,पंसौर ग्राम प्रधान गुड्डू, मलाक नागर ग्राम प्रधान लालता प्रसाद,आदि ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# सीएमआर का हजारों कुंतल सरकारी चावल रोक कर बैठे मिल मालिकों पर विभागीय अधिकारियों ने साधी चुप्पी

**हजारों कुंतल चावल रोक कर बैठे मिल मालिकों के गुनाह का दंड भुगत रहे किसान**

**मिल मालिकों पर उदारता बरतने वाले अधिकारियों के कारनामों को शासन ने संज्ञान लिया तो अधिकारियों पर गाज गिरना तय है**

**कौशाम्बी।** सरकारी धान खरीद केंद्र से किसानों के धान खरीद करने में बड़े घोटाले उजागर हो रहे हैं खरीद केंद्र प्रभारियों द्वारा धान की कुटाई करने के लिए मिल मालिकों को हजारों कुंतल धान दे दिया गया है लेकिन सरकारी धान से चावल की कुटाई कर मिल मालिकों द्वारा समय से चावल वापस गोदाम में नहीं दिया जा रहा है जिससे सरकारी खरीद केंद्रों को धान खरीद के लिए अतिरिक्त रकम सरकार से नहीं मिल पाती इसका सीधा खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है और किसानों की धान बिक्री के बाद उसका भुगतान खरीद केंद्रों से महीनों बीत जाने के बाद भी नहीं हो रहा है जिससे किसानों के सामने तमाम समस्याएं उत्पन्न है लेकिन उसके बाद धान खरीद केंद्र प्रभारियों ने हजारो कुंतल सरकारी धान को रोककर रखने वाले मिल मालिकों के नाम मुकदमा दर्ज करा कर सीएमआर का चावल समय से वापस लेने का प्रयास अभी शुरू नहीं किया है जिससे जिम्मेदारों की भूमिका सवालों के घेरे में है। गौरतलब है कि सरकारी नियमों के मुताबिक 3 दिन के अंदर सरकारी धान से चावल तैयार कर मिल मालिकों को गोदाम में चावल वापस भेजना है इस बात का एग्रीमेंट मिल मालिक और विपणन निरीक्षक द्वारा किए जाने के बाद उन्हें सरकारी धान कुटाई के लिए दिया जाता है लेकिन नियम की अवहेलना कर हजारों कुंतल धान मिल मालिक दबाए बैठे हैं महीनों बीत जाने के बाद भी हजारों कुंतल चावल गोदाम तक नहीं पहुंच सका है जिससे एक ओर जहां मिल मालिकों की बदनियति उजागर हो रही है वहीं दूसरी ओर खरीद केंद्र प्रभारी जिला विपरण अधिकारी और धान खरीद अधिकारी की मिल मालिकों के प्रति सहानुभूति दिखाई पड़ रही है आखिर मिल मालिकों के गुनाह का दंड किसानों को क्यों भुगतना पड़ रहा है यह धान खरीद व्यवस्था पर बड़ा सवाल है और मिल मालिकों पर उदारता बरतने वाले अधिकारियों के कारनामों को शासन ने संज्ञान लिया तो उदारता बरतने वाले अधिकारियों पर गाज गिरना तय है।

# त्यौहार के पूर्व बाजार में आ गया मिलावटी खोवा....

**कौशाम्बी।** होली का त्योहार आते ही मिलावटी खोवा से दुकानें भरी है और खाद्य अधिकारी मिलावट खोरो से लाभ लेने में व्यस्त है रंगों का त्योहार होली ज्यों ज्यों नजदीक आ रहा है बाजार में खोया की दुकानें सजने लगी हैं। इस त्योहार में खोया की जरूरत तो सभी जानते हैं लेकिन बाजार में बिकने वाले खोया की गुणवत्ता को लेकर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। होली आते ही बाजार में खोया की मांग बढ़ जाती है। खोया की बढ़ती मांग के चलते मिलावटखोर भी सक्रिय हो जाते हैं। ये लोग सिथेटिक खोया बनाकर बाजार में खपाना शुरू कर देते हैं। यद्यपि जब खाद्य सुरक्षा टीमें नमूना भरने लग जाती हैं तो मिलावटी खोया बेचने वालों पर अंकुश लग जाता है।जबकि होली के त्योहार में मात्र 7 दिन ही शेष बचे हैं और परिवारों में इसकी तैयारियां शुरू हो गयी हैं बाजार में मिलावटी खोया की भरमार हो गयी है। लोग शुद्ध खोया के नाम पर मिलावटी खोया खरीदने को मजबूर हैं। जानकार बताते हैं कि इसे बनाने में दूध ग्लूकोस व रिफाइंड का इस्तेमाल किया जाता है। दूध पानी व ग्लूकोस के घोल में रिफाइंड या पाम ऑयल मिलाकर नकली खोया बेखौफ तरीके से तैयार किया जाता है। इसे खराब होने से बचाने के लिए चीनी के साथ केमिकल और हाइड्रोजन परॉक्साइड का प्रयोग किया जाता है। इसकी पहचान प्रयोगशाला में ही संभव है। आम ग्राहक मिलावटी खोवा नहीं पहचान पाते हैं और घटिया सामग्री लेकर त्यौहार मनाते हैं फूड इंस्पेक्टर मिलावट खोरों से धन वसूली में मस्त हैं लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए फूड इंस्पेक्टरों की नकेल कसने की मांग की है।

# दाना पानी को गौ संरक्षण केंद्र में तड़प रहे गोवंश

**गौ संरक्षण केंद्र के संचालन के लिए सरकार से मिलने वाले भारी भरकम बजट को जिम्मेदार डकार रहे हैं**



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के बरियावा गो संरक्षण केंद्र में गोवंश को चारा पानी नहीं मिल रहा है जिससे गौ संरक्षण केंद्र में गोवंश तड़प रहे हैं चारा पानी के अभाव में गोवंश कमजोर हो रहे हैं और उनकी मौत हो रही है लेकिन आंकड़े छिपाए जा रहे हैं गौ संरक्षण केंद्र के संचालन के लिए सरकार से मिलने वाले भारी भरकम बजट को जिम्मेदार डकार रहे हैं शिकायत किए जाने के बाद भी आला अधिकारी गो संरक्षण केंद्र की व्यवस्था सुधारने के लिए तैयार नहीं है जिम्मेदारों की लापरवाही से गो संरक्षण केंद्र की व्यवस्था सुधरती नहीं दिखाई पड़ रही हैं बताते चलें कि योगी सरकार गोसंरक्षण के नाम पर लाखों का बजट ग्राम पंचायतों को भेज रही है लेकिन ग्राम पंचायतों की बदनियति के चलते गौ संरक्षण केंद्र में रहने वाले बेजुबान पशुओं को चारा पानी नहीं दिया जाता है भूसा के साथ पशुओं को अनाज चोकर देने की बात तो बहुत दूर की हो गई है सरसों के सूखे भूसे को गोवंश को दिया जा रहा है यह सूखा भूसा पशु नहीं खा रहे हैं आखिर बेजुबान जानवरों के साथ यह अमानवीय व्यवहार जिले में कब तक चलता रहेगा यह पंचायत विभाग की व्यवस्था पर बड़ा सवाल है ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पंचायत विभाग के जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग कर गो संरक्षण केंद्र की व्यवस्था सुधार करने की मांग की है।

## कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत बड़ी कार्यवाही की गई है अनावश्यक रुप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध 50 बैरियर नाकों एवं थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को पुलिस टीम द्वारा चेक किया गया, जिनमें 136 वाहनों का ईचालान किया गया एवं 03 वाहनों का चालान कर 1500 रु0 सम्मन शुल्क पुलिस टीम द्वारा वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लघन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 04 व्यक्तियों से 400 रुपये का जुमार्ना पुलिस टीम द्वारा वसूला गया।

# समाजवादी पार्टी से गलबहियां भाजपा को पड़ी भारी

**कौशांबी सांसद का सपा प्रत्याशी का चुनाव प्रचार करते फिर फोटो हुआ वायरल,बड़े पद पर होने के बाद समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के मंच पर भाजपा सांसद की उपस्थिति का जनता के बीच क्या संदेश जाएगा**

**अखंड भारत संदेश**



सपा प्रत्याशी गिरीश पासी के मंच पर उपस्थित भाजपा सांसद विनोद सोनकर

**कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव 2022 में कौशांबी सांसद विनोद सोनकर का समाजवादी पार्टी से गलबहियां लगातार उजागर हो रही है कौशांबी सांसद विनोद सोनकर भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं गोवा चुनाव के वह प्रभारी भी बनाए गए हैं बड़े पद पर होने के बाद समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के मंच पर भाजपा सांसद की उपस्थिति का जनता के बीच क्या संदेश जाएगा सपा की समाजवादी पार्टी से गलतियां के चलते भाजपा को विधानसभा चुनाव 2022 में करारी हार का मुंह देखना पड़ा है।

कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र की 5 विधानसभा सीट मंझनपुर सिराथू चायल कुंडा बाबागंज से भाजपा प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा है जिससे भाजपा की जमकर छीछालेदर हुई है बताते चलें कि कौशांबी जिले के तिलहापुर गांव निवासी ब्लाक प्रमुख गिरीश पासी इसके पहले भी बहुजन समाज पार्टी कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों से चुनाव लड़ चुके हैं इस बार समाजवादी पार्टी ने गिरिश पासी को कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के बाबागंज विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था गिरीश पार्टी के चुनाव प्रचार में सांसद विनोद सोनकर दिखाई पड़ रहे हैं गिरीश पासी के साथ सांसद की फोटो वायरल होने के बाद एक बार फिर भाजपा की जमकर छीछालेदर हो रही है बाबागंज विधानसभा सीट पर समाजवादी प्रत्याशी गिरीश पासी के मंच पर भाजपा सांसद विनोद सोनकर की उपस्थिति पर पार्टी के नेता निरुत्तर हो जाते हैं विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भले ही योगी सरकार को पूर्ण बहुमत मिल गया हो लेकिन भाजपा में कौशांबी लोकसभा क्षेत्र से पांचो विधानसभा सीट हार जाना भाजपा के लिए बड़ा मंथन का विषय है भाजपा आखिर 5 विधानसभा सीट पर चुनाव क्यों हार गयी सिराथू विधानसभा सीट से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बड़े नेता भी चुनाव हार गए भाजपा के विधायक प्रत्याशियों को चुनाव हराने की किसने ठान रखी थी जिसे अपने मकसद में पूरी सफलता मिल चुकी है आखिर भाजपा सांसद के सामने कौन सी परिस्थितियां थी जिससे उन्हें भाजपा प्रत्याशी के बजाय समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में ज्यादा दिलचस्पी दिखानी पड़ी है पार्टी विरोधी सांसद के आचरण पर यदि भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने संज्ञान लिया तो सांसद की मुसीबत बढ़ सकती है।

# नगरपालिका का कमीशन बना विधायक की हार का कारण

**विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार का जिम्मेदार नेता कौन! (कारनामा नंबर दो)**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी(** योगी मोदी सरकार गांव का विकास करने के लिए सरकारी कार्यालयों में करोड़ों का बजट भेज कर विकास कराए जाने की पहल कर रही है लेकिन उस सरकारी कार्यालयों के जिम्मेदार विकास योजनाओं के रकम से कमीशन खोरी कर रहे हैं इस बात की भनक मंझनपुर विधायक लाल बहादुर को लग गई और उन्होंने नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाते हुए गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराए जाने के निर्देश दिया लेकिन उसके बाद भी मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य नहीं हो सके जिस पर विधायक और नगरपालिका के बीच आपसी सहमति बनी और कमीशन खोरी में विधायक का भी हिस्सा पहुंचने लगा नगर पालिका के विकास कार्यों में धांधली कर कमीशन खोरी में विधायक का हिस्सा लगने के बाद विधायक ने नगरपालिका के भ्रष्टाचार पर आंखें बंद कर ली नगरपालिका के विकास में धांधली के चलते आम जनता को जलालत झेलनी पड़ी जिससे आम जनता भी विधायक के कारनामे से नाराज होने लगी नगर पालिका मंझनपुर के विकास कार्यों में धांधली और विधायक के कमीशन खोरी में हिस्सा वसूली की जानकारी एक सांसद को लग गई कि विधायक नगर पालिका से कमीशन वसूल रहे हैं जिस पर सांसद ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी की नकेल कस कर कमीशन खोरी में दखल दिया लेकिन नगरपालिका ने दोनों को कमीशन देने से हाथ खड़ा कर दिया नगरपालिका के जिम्मेदारों ने स्पष्ट कर दिया कि दोनों के बीच एक वह कमीशन देंगे लेकिन कमीशन खोरी में दोनों हिस्सा चाहते थे नगर पालिका से कमीशन खोरी के बंटवारे को लेकर विवाद बढ़ता गया और मामला तूल पकड़ता गया और अधिषासी अधिकारी को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी इसी बीच दूसरे अधिषासी अधिकारी ने नगरपालिका का कार्यभार ग्रहण करने के बाद विधायक का कमीशन बंद कर दिया सूत्र बताते हैं कि विधायक को दिए जाने वाला कमीशन सांसद के खेमे में पहुंचने लगा विधायक और सांसद के बीच यहीं से तलवारे खिंचने लगी एक दूसरे को नीचा दिखाने की दोनों ने ठान ली भाजपा का बड़ा नेता बनने के चक्कर में पार्टी दो खेमे में बट गई और पार्टी नेताओं के बीच विरोध के स्वर मुखर हो गए विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने लाल बहादुर को मंझनपुर विधानसभा से विधायक का दावेदार तो घोषित कर दिया लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान उनके पार्टी के लोग ही उनकी जमकर खिलाफत करने लगे लाल बहादुर के प्रचार में सांसद विनोद सोनकर ने किनारा कर लिया। सांसद के खासम खास समझे जाने वाले सिराथू क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़ चुके उनके स्वजातीय मित्र ने सोनकर मतदाताओं को बरगलाना शुरू कर दिया जिससे सोनकर मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी लाल बहादुर का समर्थन नहीं किया और यहीं से लाल बहादुर भाजपा विधायक की हार का रास्ता क्लियर होने लगा मतदान होने के बाद जनता के बीच स्पष्ट हो गया कि लाल बहादुर विधायक समाजवादी पार्टी प्रत्याशी इंद्रजीत से चुनाव हार जाएंगे मतगणना के बाद जनता की चर्चा सच साबित हुई और निर्वाचन अधिकारियों ने इंद्रजीत सरोज समाजवादी प्रत्याशी की जीत की घोषणा कर दी लाल बहादुर विधायक को भारी मतों के अंतर से पराजय का मुंह देखना पड़ा अब सवाल उठता है कि वह भाजपा नेता कौन है जिसने भाजपा की लुटिया डुबोई है लोकसभा कौशांबी क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हार गए हैं विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार का जिम्मेदार नेता कौन है उस को चिन्हित किए जाने की जरूरत है वरना भाजपा का कौशांबी से पूरी तरह से सफाया तय है।

## चहेतों के दरवाजे पर लगा दिया पैनल अंधेरे में है पूरा गांव

**बेनीराम कटरा कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा में प्रकाश करने के उद्देश्य से आधा दर्जन सोलर पैनल गांव में भेजा गया था गांव के मुख्य चौराहे से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर पैनल लगाए जाने का निर्देश दिया गया था लेकिन उसके बाद भी चहेतों लोगों से धन उगाही कर सोलर पैनल कुछ खास लोगों के दरवाजे पर लगा दिया गया है जिससे गांव की दलित बस्ती और मुख्य चौराहा में अंधेरा व्याप्त है सरकार की यह योजना जिम्मेदारों की अनदेखी से फ्लॉप हो गई है जिम्मेदारों के पक्षपात और धन उगाही के चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और आला अधिकारियों का ग्रामीणों ने ध्यान आकृष्ट कराते हुए सोलर पैनल में धन उगाही कर चहेते लोगो के घरों के सामने सोलर पैनल लगाने वाले लोगों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## नाबालिंग दलित बालिका से अश्लीलता विरोध करने पर किया मारपीट

**पुलिस की लचर व्यवस्था से अपराधियों के बढ़े हौसले दलित कमजोर मजलूम महिलाओं का सुरक्षित निकलना होता जा रहा है मुश्किल**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बाबा तारा गांव में एक नाबालिग दलित बालिका के साथ आए दिन गांव का युवक छेड़खानी अश्लीलता करता है बालिका ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी परिजनों ने युवक के परिवार में जाकर मामले का उलाहना दिया कि वह युवक के कारनामों पर अंकुश लगाए लेकिन उल्टा हो गया आरोपी युवक और उसके परिजनों ने बालिका के परिजनों से मारपीट करने लगे मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने थाना पुलिस को दिया है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बाबा तारा गांव निवासी बद्री प्रसाद ने अपने साली मीना देवी पत्नी विनोद कुमार की पुत्री शालिनी को गोद ले रखा है शालनी के बचपन मे उसकी माँ की मौत हो गयी बद्री प्रसाद की साली मीना देवी की मौत होने के बाद उसकी बेटी शालनी की परवरिश बद्री प्रसाद ने की है बद्री प्रसाद का कहना है कि शालिनी जब घर से बाहर निकलती है तो गांव का राकेश कुमार उससे आए दिन अश्लील हरकत छेड़खानी करता है कई बार अश्लील हरकत और छेड़खानी बालिका के साथ की जा चुकी है बद्री प्रसाद ने जब राकेश के परिजनों से मामले की शिकायत कर राकेश पर अंकुश लगाने को कहा तो राकेश और उसके माता-पिता एकत्रित हो गए और बद्री प्रसाद के साथ मारपीट करने लगे पुलिस की लचर व्यवस्था से अपराधियों के हौसले बढ़े हैं जिससे दलित कमजोर मजलूम महिलाओं का सुरक्षित निकलना मुश्किल होता जा रहा है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है लेकिन मामले में मुकदमा नहीं दर्ज हो सका है आरोपी का हौसला बढ़ा हुआ है और लगातार दलित बालिका के परिजनों वह धमकी दे रहा है।

## संपादकीय

# भारतीय चिकित्सा शिक्षा प्रणाली पर सवाल

**हाल** ही में भारत की चिकित्सा शिक्षा प्रणाली ने यूक्रेन में युद्ध संकट और वाहन फंसे भारतीय मेडिकल छात्रों को निकालने की आवश्यकता, आरक्षण संबंधी मुकदमेबाजी और तमिलनाडु के एनईईटी से बाहर निकलने के लिए कानून बनाने के कारण हमारा ध्यान अपनी ओर किया है। हमें अब इस बात पर गौर करने की जरूरत है कि व्यवस्था में क्या खराबी है और स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करने की जरूरत है। भारत में चिकित्सा शिक्षा की प्रमुख समस्याओं में जनसंख्या मानदंडों के मामले में मेडिकल छात्रों की अपर्याप्त सीटें हैं। भारत में आवेदक उम्मीदवारों के अपेक्षा सीटों की संख्या काफी कम है। यहां प्रति वर्ष लाखों छात्र मेडिकल कोर्स में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट में भाग लेते हैं। लेकिन सरकारी कॉलेजों में अभ्यर्थियों के मुकाबले महज 10 फीसदी उम्मीदवारों को भी दाखिला मिल नहीं पाता है। क्योंकि, भारत में एमबीबीएस की मात्र 88 हजार सीट हैं। वहीं, आयुष के लिए 57 हजार सीट, जबकि बीडीएस की महज 27 हजार 498 सीट हैं। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में करीब 16 लाख छात्रों ने नीट की परीक्षा दी थी। इससे स्पष्ट होता है कि इनमें से करीब 14.50 लाख छात्रों को भी दाखिला नहीं मिल पाता है। निजी कॉलेजों में, इन सीटों की कीमत प्रति वर्ष 15-30 लाख रुपये (छात्रावास खर्च और अध्ययन सामग्री शामिल नहीं) के बीच है। यह अधिकांश भारतीय जितना खर्च कर सकते हैं, उससे कहीं अधिक है। इतना होने के बावजूद वहां की गुणवत्ता पर टिप्पणी करना बहुत मुश्किल है क्योंकि कोई भी इसे मापता नहीं है। हालांकि, निजी-सार्वजनिक विभाजन के बावजूद, अधिकांश मेडिकल कॉलेजों में यह अत्यधिक परिवर्तनशील और खराब है। नए मेडिकल कॉलेज खोलने की सरकार की पहल संकट से गुजर रही है। नए कॉलेजों में एक मामला मेडिकल कॉलेज के अवैध शिक्षकों का भी है। जिसके परिणाम स्वरुप शैक्षणिक गुणवत्ता एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) ने भूतपूर्व फैकल्टी और भ्रष्टाचार की पहले की कई खामियों को दूर करने की कोशिश की। अकादमिक सुधार के लिए पदोन्नति के लिए प्रकाशनों की आवश्यकता की शुरूआत की। लेकिन इसके परिणामस्वरूप संदिग्ध गुणवत्ता वाली पत्रिकाओं की भरमार हो गई है। भारत में प्रत्येक 11,528 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर और प्रत्येक 483 लोगों पर एक नर्स है, जो डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित 1;1000 से काफी कम है। बैकडेटेड पाठ्यक्रम और शिक्षण शैली भी भारत में चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धियों में बाधक है; चिकित्सा क्षेत्र में हर दिन नियमित सफलताएं मिलती हैं, लेकिन भारत में चिकित्सा अध्ययन पाठ्यक्रम को तुरंत अपडेट नहीं किया जाता है। समयानुसार भारतीय मेडिकल छात्र प्रशिक्षण प्राप्त नहीं करते हैं जो उन्हें स्वास्थ्य चिकित्सकों के रूप में सामाजिक जवाबदेही प्रदान करता है। 1990 के दशक में कानून में बदलाव ने निजी स्कूल खोलना आसान बना दिया और देश में ऐसे कई मेडिकल संस्थान उभरे, जो व्यवसायियों और राजनेताओं द्वारा वित्त पोषित थे, जिन्हें मेडिकल स्कूल चलाने का कोई अनुभव नहीं था। इसने चिकित्सा शिक्षा का काफी हद तक व्यवसायीकरण कर दिया।

# आर्य शब्द के सभी लक्षण जेनरिक न होकर गुणवाचक

**वीरेन्द्र सिंह परिहार**

देश में यही सब बातें पृथकतावादी आंदोलन का आधार बने। यह बात और है कि बाद में कई स्कालर्स द्वारा उक्त थ्योरीज का खण्डन वैज्ञानिक प्रमाणों और वैचारिक आधार पर किया गया। हमारे प्रवीन ग्रंथों में रामायण एवं महाभारत में भी आर्य शब्द को गुणवाचक बताया गया है। रामायण में सिर्फ राम को ही आर्य से संबोधित नहीं किया जाता, सुदूर दक्षिण वन में रहने वाले भी आर्य शब्द प्रयोग करते हैं, जैसे बाली के राम द्वारा मारे जाने पर तारा द्वारा उसे आर्यपुत्र का सम्बोधन किया जाता है। (4-24-29) सुग्रीव, हनुमान, जामवंत और अंगद को भी आर्य शब्द से सम्बोधित किया जाता है। इतना ही नहीं, नारियों क लिए आर्या शब्द का सम्बोधन प्रचलित था

**आर्य** शब्द भारत में बहुप्रचलित है। ज्यादातर लोग इसे जाति के संदर्भ में देखते हैं। यही वजह है कि इसे आर्य बनाम अनार्य या आर्य बनाम द्रविण के संदर्भों में लिया गया है। सातवीं सदी के शब्द रत्नावली ग्रंथ में आर्य शब्द के मायने जो बताये गये हैं, वे हैं -(1) श्रेष्ठ कुल में जन्मा, (2) श्रेष्ठ आचरण (3) नम्र, सज्जन, आउट स्टैण्डिंग, पूज्य, आदरणीय। 19वीं सदी के शब्द कल्पद्रुम में राधाकांत बहादुर देव ने आर्य शब्द के जो अर्थ बताए- उनमें लोगो में मान्यता, उदार चरित, न्याय के रास्ते पर चलने वाला, लोगों द्वारा स्वीकार्य, योग्य व्यवहार, कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता, सही प्रकृति (पवित्र/धार्मिक) का मालिक, संरक्षक, गुरु, मित्र या सुहृद नागरिक। यह देखा जा सकता है कि आर्य शब्द के सभी लक्षण जेनरिक न होकर गुणवाचक हैं। लेकिन आगे चलकर अंग्रेजों के राज में विलियम जोंस एवं मैक्समूलर ने जैसे बहुत सी मान्यताओं को ध्वस्त किया, वैसे आर्य शब्द को भी ध्वस्त करने का प्रयास किया। इन्होंने आर्य शब्द का अर्थ किया- गोरा, लम्बा, पुष्ट या शक्तिशाली, गहरी आंखें और तीखी नाक वाला, युद्ध में कुशल और आक्रामक स्वभाव वालों को आर्य परिभाषित किया। यह 19वीं सदी में पश्चिमी विद्वानों की अवधारणा थी, जिसके सम्बंध में दृष्टि साफ रखने की आवश्यकता है। समस्या यह कि इस विदेशी दुष्प्रचार का समुचित उत्तर नहीं दिया गया। फिर भी स्वामी विवेकानन्द ने 1895 में अपने शिष्य को लिखा- ह्यह्यसूक्तो के अनुवाद में भाष्यकारों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वह हमारे शास्त्रों के बारे में एक शब्द भी नहीं समझते। अपने संतों एवं पण्डितों के अनुसार व्याख्या न कर यूरोपीय विद्वानों के अनुसार व्याख्या करते हैं। वैदिक साहित्य में आर्य और साथ में दस्यु शब्द के मायने क्या है, यह देखना भी जरूरी है। शायद लोगों को जानकर यह आश्चर्य हो कि दस्यु शब्द कोई वंशानुगत नहीं, बल्कि कृत्यों पर आधारित है। वैदिक साहित्य में दस्यु के मायने- बहादुर, लुटेरा, चोर, खलनायक, शैतान/शत्रु, दास, सेवक और यहां तक कि संदेश वाहक बतौर भी बताया गया है। दस्युओं को यज्ञ में विघ्न डालने वाला और आर्यों के शत्रु बतौर भी वर्णित किया गया है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने दस्यु शब्द का अर्थ दूसरों के लिए परेशानी पैदा करने वाला, एक मूर्ख और बुरा आदमी बताया है। एक जगह दस्यु का अर्थ अपने




कर्तव्यों का पालन नहीं करने वाला और व्यर्थ घूमने वाला बताया गया है। इसी तरह से आर्य का मतलब जहां गुणज्ञ व्यक्ति से है, वही अनार्य का तात्पर्य पापी या दुष्ट से है। यह गौर करने की बात है कि आर्यों के पास व्यापक साहित्य उपलब्ध है, जिसमें ब्राह्मण साहित्य, वेद, उपनिषद, वेदांग, 18 पुराण, रामायण, महाभारत और कई स्मृतियों के साथ, कविताएं, कथाएं और नाटक भी उपलब्ध हैं। निश्चित रूप से यदि आर्य बाहर से आये होते और स्थानीय लोगों को हराया होता, तो इतने वृहद साहित्य में कहीं-न-कहीं इसका उल्लेख अवश्य मिलता। सच्चाई यह है कि 1857 की क्रांति के असफल होने के बाद अंग्रेजों द्वारा भारत को बौद्धिक और मानसिक गुलामी से जकड़ने के प्रयत्न आरम्भ हो गये थे। वनवासियों (अनुसूचित जनजाति) का स्वतंत्रता संग्राम में विशेष योगदान था, उसलिए उनको शेष हिन्दू समाज से अलग-थलग करने की कोशिश की गई। ऐसा पुरजोर प्रचारित किया गया कि यह समुदाय भारत का मूल निवासी है और आर्यों ने बाहर से आकर इस देश पर कब्जा कर इन्हें जंगलों में धकेल दिया। इसी तरह आर्य-द्रविण संघर्ष की थ्योरी गढ़ी गई जो- ह्यफूट डालो और राज करोह्ल का एक नया स्वरूप था। विलियम जोंस एक ब्रिटिश जो 18वीं सदी में भारत में आया, उसने संस्कृत सीखी, क्योंकि उसका मानना था, कि तभी भारतीय संस्कृति को जाना जा सकता है और प्रभावी ढंग से न्याय किया जा सकता है। उसने संस्कृत और कुछ युरोपीय भाषाओं में कई समानताएं निकालीं। इस तरह से उसने निष्कर्ष निकाला कि आर्य जो भाषा बोलते हैं, वह भारत में रहने वालों की नहीं, बल्कि बाहर से आने वालों की भाषा है। इस तरह से उसने यह निष्कर्ष निकाला कि आर्य स्टेपी रीजन सेन्ट्रल एशिया से आया। इसी को आर्यन माइग्रेशन थ्योरी- ए.एम.टी. का नाम दिया गया। इस दिशा में काम करने वालों में एक अन्य नाम मोटीमेंट व्हीलर का है। उसने बीसवीं सदी के मध्य ह्यआर्य आक्रमण का नाम लिया। जबकि हड़प्पा, मोहनजोदड़ो और लोथल (सिंधुघाटी की सभ्यता) में 1920 से 1930 के मध्य खुदाई से यह पता चला कि प्राचीन काल से यहां एक अति विकसित सभ्यता मौजूद थी। व्हीलर की मान्यता के अनुसार ईरान का एक कबीला जो आर्य कहलाता था, वह आक्रमण कर सिंधु घाटी के इन शहरों में काबिज हो गया। उन्होंने कुछ द्रविणों का कत्ल कर दिया और शेष को उस क्षेत्र से भगा दिया। इस तरह से यह शरणार्थी बतौर पूर्व और दक्षिणी क्षेत्रों में जाकर बस गये। व्हीलर जैसे लोगों के लिए इन्द्र का पर्यायवाची पुरंदर का अर्थ शहरँ को नष्ट करने वाला इसी संदर्भ में है। आर्य आक्रमण का समय भी व्हीलर 1800 बीसी से 1500 बीसी बतलाता है। बाद में पश्चिम के विद्वानों ने व्हीलर की इसी लाइन को पकड़ लिया और इसके लिए कई किताबें, शोध और लेख प्रकाशित किये गये। कुछ लोगों ने इसी के तहत समाज में अलगाववाद पैदा करने और विभाजित करने के लिए कई सिद्धांत प्रतिपादित किये। जैसे आर्य-द्रविण संघर्ष, विदेशी आक्रमणकारी और देशी संघर्ष, राम बनाम. रावण एवं दुर्गा बनाम महिषासुर संघर्ष एवं सवर्ण विरुद्ध दलित इत्यादि। विडम्बना यह कि ऐसी विभाजक एवं गुमराह करने वाली बातें देश की स्वतंत्रता के बाद भी सभी स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती रही। इस लाइन को मजबूत करने के लिए एक वर्ग द्वारा दूसरे वर्ग वर्ग पर अत्याचार की कहानियां भी बढ़-चढ़कर गढ़ी जाती रहीं। देश में यही सब बातें पृथकतावादी आंदोलन का आधार बने। यह बात और है कि बाद में कई स्कालर्स द्वारा उक्त थ्योरीज का खण्डन वैज्ञानिक प्रमाणों और वैचारिक आधार पर किया गया। हमारे प्रवीन ग्रंथों में रामायण एवं महाभारत में भी आर्य शब्द को गुणवाचक बताया गया है। रामायण में सिर्फ राम को ही आर्य से संबोधित नहीं किया जाता, सुदूर दक्षिण वन में रहने वाले भी आर्य शब्द प्रयोग करते हैं, जैसे बाली के राम द्वारा मारे जाने पर तारा द्वारा उसे आर्यपुत्र का सम्बोधन किया जाता है। (4-24-29) सुग्रीव, हनुमान, जामवंत और अंगद को भी आर्य शब्द से सम्बोधित किया जाता है। इतना ही नहीं, नारियों क लिए आर्या शब्द का सम्बोधन प्रचलित था। जैसे आर्या तारा (4-25-30) तो दूसरी तरफ सुदूर लंगा नगरी में जिसे रावण को अनार संस्कृति की प्रतीक रूप में प्रचारित किया गया। उस रावण की सभी पत्नियां आर्यपुत्र कहकर सम्बोधित कर रही हैं। इस तरह से यह देखा जा सकता है कि दक्षिण की द्रविण कही जाने वाली भूमि में भी आर्य ही नहीं, आर्या सम्बोधन भी सामान्य है। रावण के राक्षस होते हुए भी उसकी सभी पत्नियां उसे आर्यपुत्र कहकर सम्बोधित करती हैं, क्योंकि उनकी दृष्टि में रावण महान है। रावण के मारे जाने पर उसकी सभी पत्नियां उसे आर्यपुत्र बताकर रूदन करती हैं। आर्यपुत्रोंति वादिन्यो हा नाथेतिन सर्वदाः वाल्मीक रामायण (6-110-4)। इतना ही नहीं, रावण भी अपनी पत्नी मंदोदरी को आर्या कहकर सम्बोधित कर रहा है। ऐसी स्थिति में बड़ा सवाल यह कि उत्तर-पश्चिम से ये आर्य शब्द दूर-दराज लंका कैसे पहुंचा। इससे समझा जा सकता है कि रावण को देशज बताकर कई विश्वविद्यालयों द्वारा जो आन्दोलन चलाये गये, वह कितने आधारहीन थे ? इसी तरह से महाभारत में भी आर्य शब्द का बहुत प्रयोग हुआ है। भगवत गीता( 2-2) में कृष्ण, अर्जुन से कहते हैं- आर्य (श्रेष्ठ व्यक्ति) इस रास्ते का यानी कायरता का अनुसरण नहीं करते हैं। यह कायरता का मार्ग न तो स्वर्ग की ओर ले जाता है, न प्रसिद्धि की ओर। यहां भी देखा जा सकता है कि आर्य गुणवाचक शब्द है। किसी जाति या वर्ग को लेकर नहीं।

# यह नई भाजपा है, जो नए भारत में काम कर रही है

**राजदीप सरदेसाई**

**अगर** राजनीति में एक सप्ताह एक लम्बा समय हो सकता है तो एक साल तो अनंतकाल ही कहलाएगा। थोड़ा पीछे चलें और वर्ष 2012 को देखें, जब यूपी में भाजपा को मात्र 47 सीटें और 15 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि सपा पूर्ण बहुमत से चुनाव जीती थी। नरेंद्र मोदी तब गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने यूपी में प्रचार तक नहीं किया था, क्योंकि चुनावों के भाजपा संगठन सचिव संजय जोशी संघ के पुराने दिनों से ही उनके प्रतिद्वंद्वी थे। और आज दस साल बाद की तस्वीर देखिए। भाजपा ने जीत का चौका लगाया है। यह उत्तर प्रदेश में 45 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भाजपा की लगातार चौथी जीत है और मोदी के नेतृत्व में यह पार्टी आज भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी ताकत बन गई है। आखिरकार ऐसा नाटकीय बदलाव कैसे आया? इसका संक्षिप्त जवाब तो यही होगा कि यह एक नई भाजपा है, जो एक नए भारत में काम कर रही है। मोदी-शाह की पार्टी ने अटल-आडवाणी दौर की उदारता के मुखौटे को उतार फेंका है और अब वह ऐसी चुनावी मशीन बन चुकी है, जो अपने प्रतिद्वंद्वियों को बेरहमी से नेस्तनाबूद कर देती है। भाजपा ने चुनावी राजनीति के नियमों को बदल दिया है। उसने परम्परागत जाति-आधारित राजनीति को भी हाशिए पर धकेला है। ऐसा नहीं है कि भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग और जाति समीकरणों को त्याग दिया है, उसने उन्हें केवल ऐसे सांचे में ढाला भर है कि पार्टी को किसी एक जाति से जोड़कर न देखा जाने लगे। इसके बजाय वह हिंदुत्व की बात करती है- यह एक ऐसा राजनीतिक विचार है, जिसमें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद शामिल है। इसके बूते पार्टी ने अपने सामाजिक आधार को विस्तार दिया है और उस हिंदुत्व-प्लस मतदाता-वर्ग को भी अपने में शामिल कर लिया है, जो धर्म से अलग अपनी पहचान रखता है। भाजपा के बढ़ते प्रभाव के केंद्र में गरीबोन्मुख योजनाएं भी हैं, जिनका मकसद सरकारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों का एक बड़ा वर्ग तैयार करना है। ऐसा नहीं है कि इससे पहले की सरकारों ने यह नहीं किया था। लेकिन जिस तरह से भाजपा ने टॉयलेट, रसोई गैस, मुफ्त राशन या घर जैसी सुविधाएं प्रदान करने में सफलता को अपना राजनैतिक एजेंडा बनाया है, वह गेमचेंजर साबित हुआ है। जरा देखिए, हर तबके की महिलाओं ने भाजपा को कितने वोट दिए हैं। ऐसा नहीं है कि चुनाव जीतने वाली चारों भाजपा सरकारों ने बहुत अच्छा सुप्रशासन प्रदान किया था। योगी आदित्यनाथ कह सकते हैं कि उन्होंने यूपी की लॉ एंड ऑर्डर मशीनरी को चाक-चौबंद किया, लेकिन क्या कोई मान सकता है कि चमचमाते यूपी शाइनिंग का प्रचार उस राज्य की जमीनी हकीकत से मेल खाता है, जहां आज लाखों बेरोजगार हैं? मणिपुर में भले ही पिछले पांच सालों में अमन-चैन रहा हो, लेकिन उसकी प्रतिव्यक्ति आय आज भी देश में सबसे कम में से है। उत्तराखण्ड में एक साल में तीन मुख्यमंत्री बदलना नेतृत्व संकट का ही सबूत है। गोवा में भी प्रमोद सावंत की सरकार अनेक मोर्चों पर नाकाम मानी गई थी। इसके बावजूद भाजपा मोदी-फैक्टर के चलते प्रो-इंकम्बेंसी मोमेंटम बनाने में कामयाब रही। प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से जैसा जीवंत सम्पर्क स्थापित कर लिया है- विशेषकर उत्तर प्रदेश में जिसे वो अपनी कर्मभूमि कहते हैं- वह सामान्य नेता-मतदाता समीकरणों के परे जाता है। हिंदीपट्टी की एक महिला इस बात का विलाप कर रही थी कि उसके पति की कोरोना से मौत हो गई और उसके बेटे के पास नौकरी नहीं है, इसके बावजूद उसने कहा कि वह मोदीजी के कारण भाजपा को ही वोट देगी। लगता है प्रधानमंत्री ने अपने समर्थकों से ऐसा गहरा भावनात्मक रिश्ता बना लिया है, जिसमें उनको मोदी है तो मुमकिन है के नारे में लगभग अतार्किक आस्था हो चली है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी जैसे विपक्षी नेताओं ने भी भाजपा की मदद ही की है, जिन्हें वंशवाद की संस्कृति का परिणाम माना जाता है। वास्तव में पंजाब में अरविंद केजरीवाल की आप की जीत के पीछे भी यही है। केजरीवाल ने भ्रष्टाचार और परिवार-राज को चुनौती दी और नई उम्मीद की राजनीति के प्रतीक बने। शायद आज भाजपा केजरीवाल को अपने लिए किसी और की तुलना में एक ज्यादा खतरनाक प्रतिद्वंद्वी मानती होगी। भारतीय राजनीति का अगला चरण हमें क्या दिखाएगा? कहीं हम 2029 के आम चुनाव में मोदी बनाम केजरीवाल का मुकाबला तो नहीं देखेंगे? हाल ही में हुए लगभग हर चुनाव में हर तबके की महिलाओं ने भाजपा को वोट दिए हैं। पहले एमवाय फैक्टर का मतलब मुस्लिम और यादव था, वहीं आज यह महिलाएं और योजनाएं हो गया है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## चिंतन

# सतत परिवर्तन और प्रवर्तन देश प्रगति का मापदंड

**संजीव ठाकुर**

**परिवर्तन का** क्रिया चक्र खुद इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा-सीधा तात्पर्य जड़ता का विनष्टीकरण और अंत ही है। चलाएयमान परिवर्तन की विदाई स्थिर और जंगम का का समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी। यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और माननीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरुप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए-नए कल पुर्जों का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए-नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं।

समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब माननीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया। परिवर्तन वस्तुतः ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस 'आय हैव ए ड्रीम' की कल्पना की थी वह परिवर्तन में छिपे अवसर को पाने का ही एक सपना था। महात्मा गांधी जी ने जिस 'स्वराज' की कल्पना की,वह भी अवसर की तलाश की तरफ अग्रसर एक महत्वपूर्ण प्रयास ही था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने 'यस वी कैन' में भी उसी परिवर्तन को साकार करने की लालसा थी।

कुल मिलाकर बात यह है कि जब जब मनुष्य पुराने विचारों जड़ता स्थिरता का प्रतिकार करता है है तब-तब परिवर्तन ने समाज में नवप्रवर्तन आया है। प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ अनेक अवसर लेकर आया और अवसर को जिसने प्राप्त कर अपने अनुकूल ढालने की सामर्थ्यता दिखाई वह विश्व विजेता कहलाया। मनुष्य का जीवन ही विजय गाथा का एक संवेदनशील गीत और गान है। परिवर्तन के साथ-साथ आए अवसर को पहचान कर जो समाज राष्ट्र आगे बढ़ा है वह निश्चित तौर पर एक प्रबुद्ध शक्तिशाली और महान राष्ट्र बन पाया है।

# पुराना फैशन हमेशा थोड़े-से बदलाव के साथ जरूर लौटकर आता है

**एन. रघुरामन**

जैकी श्रॉफ को जब भी मौका मिलता है, वे अपने बचपन के दोस्त सुनील शेट्टी की सराहना करना नहीं भूलते। ऐसा इसलिए क्योंकि सुनील की एक कपड़ों की दुकान थी और वो उनके लिए कुछ कपड़े बचाकर रखते थे। मॉडलिंग के दिनों में जैकी सुनील से कपड़े लेते थे, जिन पर वह मिसचीफ का निशान बना देते थे, ताकि जैकी जब भी ऑर्डर लेने आएं, उन्हें अपना सामान पता हो। दिलचस्प बात यह है कि सुनील की बहन अमेरिका में थीं, जो उनके लिए बेहतरीन जींस पैंट्स भेजा करती थीं और जैकी सहित उनके दोस्तों की नजर उन पर रहती थी। सुनील ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में यह भी स्वीकारा है कि जैकी जैसे दोस्तों के आने से पहले वह वे नए जींस छुपा देते थे। ये उन दिनों की बात है, जब लेवी 501 सबसे खास जींस हुआ करती थी। अब लेवी अमेरिका में अपनी वह यादगार 501 जींस नहीं बना रही है। माना जाता है कि लेवी अब बुल्गारिया और तुर्की में उसका उत्पादन कर रही है। 1990 के दशक में टाइम मैगजीन के फैशन आइटम ऑफ द ट्वेंटीएथ सेंचुरी के रूप में उसकी ब्रांडिंग के बाद से ही यह स्थिति है। 501 जींस के पास आज भी वह खिताब है, लेकिन अब उस पर मेड इन यूएसए का टैग नहीं लगा होगा। सुनील शेट्टी के पास वैसी बहुत जींस हैं। इसी कारण से मैंने भी उसे किसी सूटकेस में सहेजकर रखा है। और मैं जानता हूं बहुत सारे लोगों ने ऐसा ही किया है। इस महीने की शुरूआत में, पेरिस फैशन वीक के दौरान यह 501 जींस बहुतायत में देखी गई। उसके साथ प्लेन टी-शर्ट्स या झालरदार ब्लाउज और एंकल-बूट्स पहने गए। पर 501 अपने नए अवतार में थी। विंटेज ब्लू रंग की वह जींस कमर के ऊपर पहनी गई थी और वह कूल्हों-जांघों पर चुस्त होने के साथ ही ऐड़ी से ठीक पहले क्रॉप्ड थी। जींस जिस तरह से कमर-कूल्हों में फिट होनी चाहिए, इसे सिर्फ 501 की ही नहीं, शीर्ष डिजाइनरों-इंस्टाग्राम इंफ्लूएंसरों, दोनों के ही द्वारा इसे डेनिम के लिए उपयुक्त बताया जाता है। ये इंफ्लुएंसर्स और कैटवॉक गर्ल्स यहीं नहीं रुके। इस मोडिफाइड-ड्रेस के साथ उन्होंने काले या नैवी ब्लू ब्लेजर्स या ब्लू जींस से ही निर्मित जैकेट्स पहने। लेकिन जैकेट के अंदर इसके साथ प्लेन व्हाइट और हल्के पीले रंग की कमीजें अच्छी लगती हैं। आज सड़क किनारे की दुकानों और बुटीक्स में बहुत जींस मिलती हैं। लेकिन वे मुख्यतया दो ही श्रेणियों की होती हैं। एक अब भी बूटकट बॉटम की स्टाइल बरकरार रखे है, वहीं ऐड़ियों के ऊपर कट जाती है, ताकि उन्हें पहनने वाला नए शूज और थोड़ी-सी स्किन की झलक दिखा सके। इसमें कोई शक नहीं कि कट या बूटकट जींस एक स्टाइल-स्टेटमेंट होती हैं, पर सिर्फ आरामदेह जूतों के साथ। कम से कम साल 2022 में तो वो आपकी वॉडरोब चॉइस में शामिल होनी चाहिए। उन्हें चप्पल या हाफ कुर्ता के साथ पहनना भी इस फैशन लेबल का अपनी तरह से इस्तेमाल करना है। इसमें कुछ गलत नहीं है। लेकिन इस कॉलम के जरिए यह बताने की कोशिश है कि जींस को भी फैशन-गारमेंट की तरह ट्रीट कर सकते हैं। अगर सोच रहे हैं कि पुरानी जींस को नए तरीके से कैसे पहनें तो कैंची उठाइए और ऐड़ी से ऊपर तीन इंच काटिए और आपके पास 2022 के सीजन का लुक होगा। याद रखें, पुराना फैशन हमेशा थोड़े-से बदलाव के साथ लौटकर आता है। इसलिए बढ़िया कपड़े एक तरफ रखिए, हर सीजन के नए फैशन पर नजर रखिए और पुराने कपड़े नए तरीके से प्रयोग करने का कोई रास्ता खोज निकालिए। फंडा यह है कि इस सीजन में कमर-ऐड़ियों से ऊपर पहनी जाने वाली जींस न सिर्फ फैशन में हैं, बल्कि वैसी फॉर्मल ड्रेस भी हैं, जिन्हें ब्लेजर्स के साथ पहन सकते हैं। एटिट्यूड दिखाने उन्हें जरूर पहनें।

# राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो राष्ट्र सुरक्षित होगा

**किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर सबसे युवा देश जिसकी 65 फीसदी आबादी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है वह है भारत!!! जहां दुनिया की युवा आबादी का पांचवा हिस्सा है जो एक जनसांख्यिकीय लाभांश पैदा करने की ताकत रखता है, विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की देश की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो कार्यबल के साथ साथ बाजार की उपलब्धि करा सकता है। नवाचार नवोन्मेष, स्टार्टअप, उद्यमशीलता विविधता की संस्कृति को चला रहे हैं ऐसी मुल्यवान ताकत युवाओं में हमें राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनको उत्साहवर्धन करने की तात्कालिक खास जरूरत है जो सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है, क्योंकि यदि राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो हमारा राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक,राजनैतिक,अन्तर्राष्ट्रीय बाधाओं सहित अनेक मुद्दों और विषयों में सुरक्षित होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं को उत्साहवर्धन की करें तो आज अभिभावकों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं से लेकर हर उस जानकार व्यक्तित्व का कर्तव्य है कि युवाओं में राष्ट्रहित की भावना को तेजी से विकसित करें युवाओं में यह भाव पैदा करना होगा कि घर से महत्वपूर्ण समाज, उस से महत्वपूर्ण गांव, शहर, राष्ट्र है। इसलिए राष्ट्र हित की भावना सबसे पहले युवाओंमें जागृत कराना जरूरी हैं। क्योंकि, युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, इसके साथ ही देश का प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वोच्च विकास के लिए प्रयासरत रहे।

## तूर, श्रीशंकर और दुती विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** तजिंदरपाल सिंह तूर (गोला फेंक), एम श्रीशंकर (लंबी कूद) और फर्राटा धाविका दुती चंद सर्बिया के बेलग्रेड में 18 से 20 मार्च तक होने वाली विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष



आदिले सुमरिवाला ने कहा कि तूर और श्रीशंकर को उनकी रैंकिंग के आधार पर प्रवेश मिला है, जबकि दुती को विश्व एथलेटिक्स ने महिलाओं की 60 मीटर स्पर्धा में भाग लेने का निमंत्रण दिया। चैंपियनशिप के जूरी सदस्य सुमरिवाला ने कहा, ''रोड टू बेलग्रेड 2022 की सूची में श्रीशंकर 14वें और तजिंदरपाल सिंह तूर 18वें स्थान पर हैं। विश्व एथलेटिक्स ने दुती चंद को 60 मीटर स्पर्धा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।'' तीनों भारतीय एथलीटों की स्पर्धाएं 18 मार्च को होंगी। भारतीय खिलाड़ी 15 मार्च को बेलग्रेड के लिए रवाना होंगे।

## जसप्रीत बुमराह ने बताया- क्यों कुलदीप यादव को टीम से बाहर किया गया

**बेंगलुरु।** भारतीय तेज गेंदबाज और उपकप्तान जसप्रीत बुमराह ने श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले दूसरे डे नाईट टेस्ट मैच पर कहा कि कुलदीप यादव को टीम से ड्रॉप नहीं किया गया है, बल्कि बायो-बबल से ब्रेक दिया गया



है।कुलदीप यादव पिछले दो साल से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और इसी के चलते टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल फरवरी में खेला था। बुमराह ने कहा कि हमने उन्हें टीम से बाहर नहीं किया है, वह लंबे समय से बायो-बबल में थे, उन्हें टीम से रिलीज किया गया है। बायो-बबल में रहना आसान नहीं होता है, खिलाड़ियों की मेंटल हेल्थ भी एक अहम मुद्दा है। बुमराह ने टीम में शामिल किए गए लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल की तारीफ करते हुए कहा कि अक्षर जब भी खेलते हैं, उनके आने से टीम को फायदा मिला है। वह हर डिपाटमेंट में अहम योगदान देते हैं। वह चोटिल थे, लेकिन फिट होते ही टीम में उनकी वापसी हुई है। हम टीम कॉम्बिनेशन को लेकर बात करेंगे, लेकिन हां उनकी उपस्थिति काफी अहम है।

## दंगल सिखाएंगे सुशीलः ओलंपिक मेडलिस्ट सुशील कुमार तिहाड़ जेल में कैदियों को सिखाएंगे कुश्ती, फिटनेस की भी टिप्स देंगे

**नई दिल्ली।** सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में तिहाड़ जेल में बंद ओलंपिक मेडलिस्ट सुशील कुमार ने नई जिम्मेदारी ली है। उन्होंने जेल में बंद अन्य कैदियों को कुश्ती और शारीरिक फिटनेस की ट्रेनिंग देने का फैसला लिया है। इसके लिए जेल प्रशासन से सुशील को इजाजत भी मिल गई है। डीजी (कारागार) ने बताया कि हमने सुशील को कैदियों को फिटनेस और कुश्ती की ट्रेनिंग देने की इजाजत दे दी है। जो कैदी इसके इच्छुक हैं, वह सुशील से सीख सकते हैं। जानकारी के मुताबिक फिलहाल 6-7 कैदी ओलंपिक मेडलिस्ट सुशील से कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं। कैदियों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन ने यह फैसला किया है। जेल प्रशासन ने बताया कि सुशील को इस तरह की फिटनेस गतिविधियों में शामिल करने की योजना पहले ही बनाई गई थी, लेकिन कोरोना की वजह से पहले ये नहीं कराया जा सका। अब कोरोना के मामले कम होने के बाद इसे शुरू किया जा सका है।

# भारत ने वेस्टइंडीज को 155 रन से हराया

## महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार सातवीं जीत, स्मृति मंधाना रहीं प्लेयर ऑफ द मैच

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को वर्ल्ड कप के तीसरे मैच में 155 रन से हरा दिया है। वेस्टइंडीज के सामने 318 रन का टारगेट था, जिसके जवाब में WI टीम 40 ओवर तीन गेंद में 162 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। डिएंड्रा डॉटिन (62) टॉप स्कोरर रहीं। भारत की ओर से स्नेह राणा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

इससे पहले टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट खोकर 317 रन बनाए थे। टीम के लिए हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना ने कमाल की पारी खेली। मंधाना ने 119 बॉल में 123 रन बनाए। वहीं, हरमनप्रीत के बल्ले से 109 रन निकले।

**भारतीय टीम की लगातार 7वीं**




**जीत**-वेस्टइंडीज के खिलाफ महिला वनडे वर्ल्ड कप में भारत की ये लगातार सातवीं जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने WI को 1993, 1997, 2005, 2009, 2013 और 2017 में खेले गए वर्ल्ड कप के मैच में धूल चटाई थी।

**झूलन गोस्वामी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड**

मैच में जैसे ही झूलन गोस्वामी ने अनीसा मोहम्मद का विकेट लिया। वो महिला विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। उन्होंने सर्वाधिक 40 विकेट झटके हैं।

**मेघना, स्नेह ने वेस्टइंडीज को दिए शुरुआती झटके**

वेस्टइंडीज की टीम को शुरुआत तो अच्छी मिली, लेकिन इसके बाद मेघना सिंह और स्नेह राणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए WI के चार विकेट जल्दी गिरा दिए। मेघना की गेंद पर किशिया नाइट और कप्तान स्टैफनी टेलर ने अपने विकेट गंवाए। वहीं, दोनों सलामी बल्लेबाजों को स्नेह राणा ने अपना शिकार बनाया।

सलामी बल्लेबाज डिएंड्रा डॉटिन 46 गेंद में 62 रन बनाकर आउट हुईं। उनका विकेट स्नेह राणा ने लिया। राणा ने गेंद को ऑफ स्टंप पर आगे रखा जिसपर डॉटिन ने स्वीप करने का प्रयास किया और शॉर्ट फाइन लेग पर मेघना को कैच दे बैंठी। वहीं, हेले मैथ्यूज 43 रन बनाकर सेट हो चुकी थी, लेकिन वह स्नेह की फ्लाइटेड गेंद कोल नहीं समझ पाईं और विकेटकीपर ऋचा घोष ने उनका आसान कैच लपक लिया।

भारत के लिए स्मृति मंधाना और उपकप्तान हरमनप्रीत कौर के बेहतरीन शतक ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। टीम इंडिया ने पहली बार वर्ल्ड कप में 300 रनों का आंकड़ा पार किया है। दोनों के बीच 184 रनों की साझेदारी हुई।

## एलेक्स हेल्स आईपीएल 2022 से बाहर, कोलकाता में उनकी जगह लेंगे एरोन फिंच

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स की जगह पर अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए ऑस्ट्रेलियाई टी20 कप्तान आरोन फिंच खेलते नजर आएंगे। हेल्स ने बबल थकान के कारण टूर्नामेंट से हटने का फैसला लिया है।

ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान फिंच ने अब तक 88 आईपीएल मुकाबलों में 2 शतक और 15 अर्धशतक की मदद से 2686 रन बनाए हैं। वह 1.5 करोड़ रुपए की कीमत पर केकेआर में शामिल होंगे। केकेआर 26 मार्च को आईपीएल 2022 की ओपनिंग मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेंगे।केकेआर के लिए खेलने के प्रस्ताव को ठुकराने के बारे में एलेक्स हेल्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है। उन्होंने लिखा है- मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि मैंने आगामी आईपीएल से हटने का बेहद कठिन फैसला किया है।

पिछले चार महीने घर से दूर रहने के बाद प्रतिबंधित बायो बबल में और ऑस्ट्रेलिया में खुद कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण करने के बाद मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं एक सुरक्षित वातावरण में खुद को एक और विस्तारित अवधि के लिए रोक सकता हूं।

एलेक्स ने अब तक आईपीएल के 6 ही मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 148 रन बनाए थे। उनके बल्ले



से 13 चौके और छह छक्के भी निकले थे। 33 साल के हेल्स अभी ऑस्ट्रेलियाई टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए जद्दोजहद में लगे हुए हैं।

## दिल्ली कैपिटल्स ने लांच की टीम की नई जर्सी

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 15वें सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने नई जर्सी लांच कर दी है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने नई जर्सी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। दिल्ली कैपिटल्स की नई जर्सी सबसे टीम के फैंस को दिल्ली के क्रिकेट मैदान अरूण जेटली में दी गई। नई जर्सी के लांच के मौके पर टीम के अंतरिम सीईए विनोद बिष्ट ने कहा कि यह आईपीएल का एक नया सीजन है और हम अपने खिलाड़ियों को इस नई जर्सी में देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते हैं।

हमारी फैन आर्मी के लिए यह एक गौरव का पल है। इसलिए यह हमारे लिए उचित है कि हम उन्हें हर कदम पर अपनी यात्रा का हिस्सा बनाएं।दिल्ली कैपिटल्स ने कहा कि लाल और नीले रंग के बराबर डैश के साथ, नई जर्सी युवा और जीवंत ऊर्जा का परिचय देती है। जहां लाल टीम के ऑन-फील्ड साहस का प्रतीक है, वहीं




नीला संतुलन और संयम का प्रतीक है।

बाघ, दिल्ल कैपिटल्स के लोगो का एक आंतरिक हिस्सा है। यह बड़ा और साहसी है क्योंकि टीम फिर से दहाड़ने के लिए तैयार है। गौर हो कि आईपीएल के 15वें सीजन की शुरूआत 26 मार्च से हो रही है। वहीं दिल्ली की टीम अपना पहला मुकाबला 27 मार्च को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। यह मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा।

## लसिथ मलिंगा की हुई इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी, इस टीम के साथ जुड़े

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा की आइपीएल 2022 में फिर से वापसी हो गई है। हालांकि इस बार वो इस लीग में बतौर खिलाड़ी नहीं बल्कि तेज बालिंग कोच के तौर पर राजस्थान रायल्स के साथ जुड़े हैं। राजस्थान रायल्स ने मलिंगा को टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। लसिथ मलिंगा ने साल 2019 के बाद से आइपीएल में नहीं खेला, लेकिन इसके बावजूद वो इस लीग के अब तक के सबसे सफल गेंदबाज हैं। अब वो इस सीजन में राजस्थान के गेंदबाजों को गेंदबाजी का गुर सिखाते हुए नजर आएंगे।

**लसिथ मलिंगा का आइपीएल क्रिकेट करियर**

लसिथ मलिंगा ने आइपीएल में अपना करियर 2009 में शुरु किया था और 2019 तक वो इस



लीग में खेलते रहे। हालांकि इस दौरान वो 2016 सीजन में नहीं खेले थे। आइपीएल में खेले 9 सीजन में उन्होंने कुल 122 मैच खेले और इस दौरान कुल 170 विकेट लिए। मलिंगा अब भी आइपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में पहले नंबर पर मौजूद हैं। इस दौरान उनका बेस्ट प्रदर्शन 13 रन देकर 5 विकेट रहा था और उन्होंने एक मैच में 5 विकेट लेने का कमाल एक बार जबकि चार विकेट लेने का कमाल 6 बार किया था।

**2008 के बाद राजस्थान ने नहीं जीता खिताब**

राजस्थान रायल्स ने आइपीएल में 2008 में शेन वार्न की कप्तानी में एक बार खिताब जीता था और उसके बाद से ये टीम कभी चैंपियन नहीं बन पाई है। एक बार फिर से ये देखना दिलचस्प होगा कि इस सीजन में ये टीम कैसा प्रदर्शन कर पाती है क्योंकि टीम में काफी खिलाड़ी बदल गए हैं।

## मिताली राज ने तोड़ा ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज कप्तान का रिकॉर्ड

**हैमिल्टन।** भारतीय महिला टीम की कप्तान मिताली राज ने अपने नाम एक और बड़ा रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है। भारतीय कप्तान मिताली राज आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में सर्वाधिक कप्तानी करने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मिताली राज बतौर कप्तान विश्वकप में अपना 24वां मैच खेल रही हैं। इस मामले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज खिलाड़ी बेंलिडा क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा है।विश्वकप मैच में अब तक मिताली राज की कप्तानी में भारतीय टीम ने 23 मैच खेले हैं और जबकि 24वां मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेल रही है। विश्वकप में मिताली की कप्तानी में भारत ने 23 में से 14 मैच जीते हैं और जबकि 8 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और एक मैच बेनतीजा रहा है।वेस्टइंडीज के



खिलाफ अगर भारतीय टीम जीत जाती है तो मिताली के नाम एक रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। मिताली विश्वकप में सर्वाधिक जीत के मामले में संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच जीतकर वह ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान शेरॉन ट्रेडरिया से आगे निकल जाएंगी।

भारत को सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए जीत की जरूरत है। जबकि वेस्टइंडीज न्यूजीलैंड और इंग्लैंड पर जीत दर्ज करके अभी तक टूर्नामेंट में अपराजित रहा है।

## शेवचेंको की जर्सी से यूक्रेन के लिए फंड जुटाएगा मिलान, पूर्व फुटबॉलर ने की थी अपील

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के स्टार फुटबॉलर आंद्रेई शेवचेंको की अपने देशवासियों केलिए की गई मार्मिक अपील पर उनका पुराना क्लब एसी मिलान यूक्रेनवासियों की मदद को आगे आया है। 2002-03 की चैंपियंस लीग के फाइनल में जुवेंट्स के खिलाफ मिलान को खिताब दिलाने वाले शेवचेंको और उनके साथियों की ओर से इस मुकाबले में पहनी गई जर्सी से क्लब ने फंड जुटाने की मुहिम शुरू कर दी है। क्लब ने इस जर्सी पर यूक्रेन के झंडे को अंकित कर शांति के वास्ते एसी मिलान संदेश लिखा है। क्लब ने इस जर्सी की कीमत 42 सौ रुपये रखी है। जर्सी से जुटाई गई राशि को रेडक्रास के जरिए युद्ध पीड़ित यूक्रेनी लोगों की मदद को भेजा जाएगा। फुटबॉल प्रेमियों ने इस जर्सी को हाथों-हाथ लेना शुरु कर दिया है।

**इटलीवासियों से रोकर**



**लगाई थी मदद की गुहार**

यूरो-2020 में यूक्रेन टीम के कोच रहे शेवचेंकों अपनी पत्नी और बच्चों के साथ लंदन में रह रहे हैं, लेकिन उनकेमाता-पिता, बहनें और रिश्तेदार यूक्रेन में ही हैं। शेवचेंकों ने हाल ही में वीडियो संदेश के जरिए इटलीवासियों से रूसी हमले में जख्मी हो रहे उनके देशवासियों की मदद की अपील की थी। शेवचेंको ने रोते हुए इस संदेश में कहा था कि उनके माता-पिता और देशवासी खतरे में हैं। हालांकि उन्होंने अपने माता-पिता को अपने पास बुलाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने मना कर दिया। उनके देश की हालत बद से बदतर हो गई है। इटली उनके दूसरे घर जैसा है। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि इटलीवासी उनके देशवासियों की मदद केलिए आगे आएंगे।

**बैलन डि ओर खिताब जीत चुके हैं शेवचेंको**

एसी मिलान के लिए 296 मैचों में 173 गोल करने वाले यूक्रेनी स्ट्राइकर को इटली में जबरदस्त ख्याति प्राप्त है। उनके संदेश के बाद उनके क्लब रहे एसी मिलान ने शेवचेंकों और उनके साथियों की जर्सी को यूक्रेनवासियों को समर्पित करने का फैसला किया। शेवचेंकों ने 2004 में प्रतिष्ठित बैलन डि ओर खिताब भी जीता। उन्होंने 2006 में मिलान छोड़कर चेल्सी के लिए खेलना शुरू कर दिया था।

## पाकिस्तान की लगातार तीसरी हारःमहिला वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका ने 6 रनों से हराया, भारत-ऑस्ट्रेलिया पहले ही दे चुकी हैं मात

**नई दिल्ली।** ICC महिला वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को लगातार तीसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम 6 रन से हार गई। साउथ अफ्रीका से पहले पाकिस्तान को भारत और ऑस्ट्रेलिया हरा चुकी है। वहीं, साउथ अफ्रीका की ये लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले अफ्रीका टीम ने बांग्लादेश को 32 रन से हराया था।

**पाकिस्तान के सामने सिर्फ 224 रन का लक्ष्या था**

पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका की टीम ने पाकिस्तान के सामने 224 रन का टारगेट दिया। जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 217 रन ही बना पाई। हालांकि, दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला कांटे की टक्कर का रहा। मैच आखिरी ओवर तक चला।

**वर्ल्ड कप में पाकिस्तान टीम की लगातार 17वीं हार**

महिला वनडे वर्ल्ड कप में ये पाकिस्तान की लगातार 17वीं हार है। टीम 2009 से लेकर अब तक विश्व कप में 17 मैच खेल चुकी है और सभी में हार का सामना करना पड़ा है।

**आखिरी ओवर का रोमांच**

आखिरी ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए सिर्फ 10 रन की दरकार थी और उसके 2 विकेट बचे थे। साउथ अफ्रीका की ओर से शबनीम इस्माइल ने गेंदबाजी की कमान संभाली। उनकी पहली गेंद पर 2 रन बने तो मैच और रोमांचक होता दिखा, लेकिन अगली ही बॉल पर उन्होंने पाकिस्तान का 9वां विकेट ले लिया। डायना बेग आउट होकर पवेलियन लौट गईं। अगली गेंद पर फिर सिंगल बना। आखिरी 3 गेंदों पर पाकिस्तान को 7 रन चाहिए थे, लेकिन चौथी गेंद डॉट और 5वीं गेंद पर पाकिस्तान का आखिरी विकेट गिर गया।

**अफ्रीकी कप्तान ने जमाया अर्धशतक**

साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन लौरा वोल्वाईटो ने बनाए। उन्होंने 91 गेंदों का सामना करते हुए 75 रन बनाए। वहीं, कप्तान सुने लुस के बल्ले से 102 गेंदों पर 62 रन निकले। इन दोनों के अलावा



कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा विकेट गुलाम फातिमा और फातिमा सना ने लिए। दोनों के खाते में 3-3 विकेट आए।

पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन ओमिमा सोहेल और निडा डार ने बनाए। दोनों के बल्लों से अर्धशतक निकला। ओमिमा ने 65 और निडा ने 55 रनों की पारी खेली। इन दोनों के अलावा कोई भी पाकिस्तानी बल्लेबाज खास कमाल नहीं कर पाया।

# झूलन गोस्वामी ने वर्ल्ड कप में रचा इतिहास, बना डाला सबसे बड़ा रिकार्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में इतिहास रच दिया है। अब वो वर्ल्ड कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं और उन्होंने आस्ट्रेलियाई गेंदबाज लिन फुल्सटोन को पीछे छोड़ दिया है। उनके नाम अब 40 विकेट है जो वर्ल्ड कप में किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक है।

उन्होंने वेस्टइंडीज की बल्लेबाज अनीसा मोहम्मद को आउट करके ये कारनामा किया। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में उन्होंने फुल्सटोन के रिकार्ड 39 विकेट की बराबरी की थी। 39वें विकेट के रूप में उन्होंने कैटी मार्टिन को आउट किया था।अपना 5वां वर्ल्ड कप खेल रही झूलन ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी। उन्होंने उस मैच में 26 रन देकर दो विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में उन्होंने 9 ओवर की गेंदबाजी की थी और उन्हें केवल 1 विकेट मिला




था।इससे पहले भारत ने इस मैच में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 317 रन बनाए थे। भारत

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में इतिहास रच दिया है।**

की इस पारी में स्मृति मंधाना ने 123 जबकि उप-कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 109 रन की पारी खेली थी। वर्ल्ड कप में ये भारत का तीसरा मैच है। पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को 107 रन से हराया था जबकि दूसरे मैच में उसे न्यूजीलैंड के हाथों 62 रनों से हार मिली थी।

## बाइडेन की चेतावनी- नाटो-रूस में सीधी जंग हुई तो होगा तीसरा विश्वयुद्ध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चेतावनी दी कि अगर देश यूक्रेन में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल करता है तो रूस को 'गंभीर कीमत' चुकानी पड़ेगी। जो बाइडेन ने कहा कि, व्लादिमीर पुतिन आक्रामक हैं और उन्हें और उनके देश को इसकी कीमत चुकानी होगी। प्रेस को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति



जो बाइडेन ने कहा कि, अमेरिका 'नाटो के हर एक इंच क्षेत्र को पूरी ताकत से बचाने के लिए तैयार है। हम रूस और यूक्रेन के खिलाफ युद्ध नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि, नाटो और रूस के बीच सीधा टकराव तीसरा विश्व युद्ध को ट्रिगर करेगा, जिसे रोकने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। बाइडेन ने घोषणा की कि यूक्रेन के खिलाफ पुतिन का युद्ध पहले ही विफल हो चुका है। बाइडेन ने पेलोसी को इस कार्रवाई के लिए अमेरिकी कांग्रेस पर दबाव बनाने के लिए धन्यवाद दिया। पुतिन पर निशाना साधते हुए बाइडेन ने कहा कि, पुतिन हमलावर है और पुतिन को इसकी कीमत चुकानी होगी। जो बाइडेन ने आगे कहा कि, अमेरिका 'खुली बाहों' के साथ यूक्रेनी शरणार्थियों का स्वागत करेगा और युद्ध में फंसे राष्ट्र को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## मैक्रों ने कहा- आने वाले घंटों में पुतिन से फिर बात करेंगे

**वर्साय:** फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि आने वाले घंटों में वह जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फिर से बातचीत करेंगे। मैक्रों ने वर्साय



में यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'चांसलर स्कोल्ज के साथ, हम आने वाले घंटों में राष्ट्रपति पुतिन के साथ फिर से बातचीत करेंगे। इससे पहले 10 मार्च को पुतिन, मैक्रों और स्कोल्ज ने फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान तीनों नेताओं ने यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की थी।

## अमेरिका ने रूस से फेवर्ड नेशन का दर्जा लिया वापस, सीफूड और हीरों के आयात पर भी लगाई रोक

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूस के हमले से नाखुश अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस को दिए गए 'सर्वाधिक तरजीही देश' (एमएफएन) का दर्जा वापस लेने की घोषणा करने के साथ ही रूस से समुद्री खाद्य उत्पादों (सीफूड), शराब एवं हीरों के आयात पर भी रोक लगा दी। अमेरिकी सरकार ने रूस से एमएफएन का दर्जा वापस लेने का निर्णय यूरोपीय संघ और जी-7 समूह के देशों के साथ मिलकर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के रूजवेल्ट रूम से बाइडेन ने अपने बयान में कहा, ''स्वतंत्र दुनिया पुतिन का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़ी हो रही है।' सर्वाधिक तरजीह वाले देश का दर्जा वापस लेने से अमेरिका और उसके सहयोगी देश रूस से किये जाने वाले आयात पर भारी शुल्क लगा सकेंगे। इस निर्णय से अमेरिका और सहयोगी देश रूस की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करना चाहते हैं। इसके अलावा अमेरिका ने रूस के केंद्रीय बैंक की संपत्ति को जब्त, निर्यात को सीमित करने समेत रूस के कुलीन वर्गों और उनके परिवारों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का भी निर्णय किया है। बाइडेन प्रशासन पर रूस के खिलाफ सख्त व्यापारिक कदम उठाने के लिए चौतरफा राजनीतिक दबाव बना हुआ था।

# राफेल से मुकाबले की तैयारी : चीन से पाकिस्तान को मिले जे-10 सी लड़ाकू विमान, भारत को दी गीदड़ भभकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के शक्तिशाली व अत्याधुनिक राफेल विमानों से मुकाबले के लिए चीन से मिले J-10C लड़ाकू विमानों को अपनी सेना में शामिल कर लिया। प्रधानमंत्री इमरान खान ने इन 25 विमानों की स्क्वाड्रन को पाकिस्तान की वायुसेना के बेड़े में औपचारिक तौर पर और समारोहपूर्वक शामिल किया। इस मौके पर पाक पीएम इमरान खान ने भारत को परोक्ष धमकी भी दी।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित मिन्हास कामरा एयरबेस पर आयोजित कार्यकम में इमरान खान ने कहा कि 40 साल पहले पाक वायुसेना को अमेरिका ने एफ-16 विमान दिए थे। इसके बाद पाकिस्तान को अब नए लड़ाकू विमान हासिल हुए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के सदाबहार दोस्त चीन को भी इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इमरान खान ने इस मौके फ्रांस से भारत की राफेल विमान खरीदी का भी परोक्ष जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से इस क्षेत्र में सैन्य असंतुलन कायम किया जा रहा है। आज पाकिस्तान की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। इमरान खान ने चीन को इस बात के लिए खासतौर से धन्यवाद दिया कि मात्र 8 माह में उसने इन विमानों की खेप पाकिस्तान को दे दी, जबकि ऐसी खरीदी में सालों



लग जाते हैं।

**पाकिस्तान पर हमले से पहले दो बार सोचना पड़ेगा**

भारत का परोक्ष जिक्र करते हुए इमरान खान ने कहा कि किसी भी देश को अब पाकिस्तान पर हमला करने से पहले दो बार सोचना पड़ेगा। पाकिस्तान की सेना अब सुसज्जित व प्रशिक्षित हो गई है। वह किसी भी खतरे से निपट सकती है।

**JF-17 की तुलना में अधिक उन्नत**

इस मौके पर पाक वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने कहा कि जेसी -10 एकीकृत हथियार, एवियोनिक और लड़ाकू विमान प्रणाली से लैस है। पीएएफ में इसके शामिल होने से इसकी पेशेवर क्षमताओं को और मजबूती मिलेगी। यह JF-17 की तुलना में अधिक उन्नत और चौथी पीढ़ी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को भी ले जा सकता है। J-10C चौथी पीढ़ी का मध्यम आकार का लड़ाकू जेट है। यह चीन-पाकिस्तान द्वारा साझा रूप से विकसित हल्के लड़ाकू जेट JF-17 से अधिक शक्तिशाली है। जेएफ-17 का वर्तमान में पाक वायुसेना द्वारा उपयोग किया जा रहा है। बता दें, भारत के सुखाई 2000 व मिग 29 विमानों ने पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी अड्डों को तबाह किया था। उस वक्त भारत के पास अत्याधुनिक राफेल विमान भी नहीं थे। पाकिस्तान को चीनी विमानों पर भरोसा करने से पहले भारत की ताकत व हौसले को समझना होगा।

## भागमभाग : जान बचाने की जद्दोजहद में कीमती सामान छूटा, पर पालतू जानवरों को ले जाना नहीं भूले

**कीव।** जान बचाकर यूरोप भाग रहे यूक्रेनी आसान सफर के लिए कम से कम सामान के साथ घर छोड़ रहे हैं। लेकिन सुरक्षित मंजिल तक पहुंचने की भागमभाग में वे अपने तोते, खरगोश, कुत्ते और बिल्ली जैसे पालतू जानवरों को ले जाना नहीं भूल रहे।

कुछ ऐसा ही नजारा कीव के बाहरी इलाके में एक ध्वस्त पुल के नीचे देखने को मिला, जहां एकत्र हुए सैकड़ों लोगों के पास सिर्फ इक्के-दुक्के बैग ही थे लेकिन लगभग हरेक के हाथ में उनका पालतू जानवर था।इनमें से अधिकांश अपना जरूरी सामान और कीमती वस्तुएं पीछे ही छोड़ आए हैं। गाड़ी जहां तक पहुंच सकती है, उसे वहीं छोड़कर आगे बढ़ रहे हैं। आलम यह है कि शहरों




में जगह-जगह कपड़े, घरेलू सामग्रियां और कीमती वस्तुएं बिखरी पड़ी हैं। पुल के नीचे खड़ी 42 वर्षीय विक्टोरिया त्रोफिमेंको ने बताया, सिर्फ परिवार ही नहीं बल्कि पालतू जानवर भी उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, अधिकांश लोग अपनी जरूरी वस्तुओं के साथ उनके पालतुओं की चीजें भी साथ लेकर चल रहे हैं। पराग्वे के लिए निकली त्रोफिमेंको के मुताबिक, उन्होंने कीव न छोड़ने की सोची थी लेकिन अब हालात गंभीर हैं और भागने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

**यूक्रेन में हर हाल में बनें मानवीय गलियारे : नाटो**

नाटो प्रमुख जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने यूक्रेन से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए मानवीय गलियारों को न्यूनतम जरूरत करार देते हुए कहा कि इन्हें हर हाल में बनाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने इसके लिए रूसी और यूक्रेनी कूटनीतिज्ञों की मुलाकात को भी महत्वपूर्ण बताया है।

## बाइडन ने भारतीय मूल की शेफाली राजदान को नीदरलैंड में अपना राजदूत नामित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय मूल की राजनीतिक कार्यकर्ता शेफाली राजदान दुग्गल को नीदरलैंड में अपना राजदूत नामित करने की अपनी मंशा जाहिर की है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। प्रवासी भारतीय 50 वर्षीय दुग्गल मूल रूप से भारत में कश्मीर से हैं। वह सिनसिनाटी, शिकागो, न्यूयॉर्क और बोस्टन में पली बढ़ी हैं। व्हाइट हाउस ने कई अन्य प्रमुख प्रशासनिक और राजनयिक पदों पर नियुक्ति की घोषणा के साथ दुग्गल को लेकर जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि दो बच्चों की मां दुग्गल एक अनुभवी राजनीतिक कार्यकर्ता, महिला अधिकार की पैरोकार और मानवाधिकार प्रचारक हैं। वह होलोकॉस्ट मेमोरियल संग्रहालय परिषद के लिए पूर्व में राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त की जा चुकी हैं और वेस्टर्न रीजन सलाहकार के रूप में काम कर रही हैं। दुग्गल मानवाधिकार निगरानी संस्था के सैन फ्रांसिस्को समिति की सदस्य हैं, वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी लीडरशिप एंड कैरेक्टर काउंसिल की सदस्य हैं और एमिलीज लिस्ट के लिए राष्ट्रीय निदेशक मंडल में शामिल हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से राजनीति संचार में एमए किया है और मियामी विश्वविद्यालय में जनसंचार का भी अध्ययन किया है। दुग्गल कई नागरिक पुरस्कारों से सम्मानित हुई हैं, जिसमें यूएस होलोकॉस्ट मेमोरियल म्यूजियम द्वारा वेस्टर्न रीजनल लीडरशिप अवार्ड, कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली द्वारा कम्युनिटी हीरो और नेशनल डायवर्सिटी काउंसिल द्वारा कैलिफोर्निया की सबसे शक्तिशाली महिलाओं में से एक के रूप में सम्मानित किया जाना शामिल है।

## यूक्रेन संकट के बीच नाटो का बड़ा प्लानः रूस की सीमा के पास देगा सैनिकों को प्रशिक्षण, 27 देश लेंगे भाग

**मास्को।** रूस और यूक्रेन में चल रही जंग के बीच नाटो ने बड़ा कदम उठाने का फैसला लिया है। दरअसल, नाटो के सैनिक और उसके सहयोगी सोमवार से नॉर्वे में एक प्रशिक्षण अभ्यास शुरू करेंगे। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नाटो देशों को खुद का बचाव करना है। यह अभ्यास रूस की सीमाओं से कुछ दूर नॉर्वे के पास आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में 27 देशों के करीब 30,000 सैनिक, 200 विमान और 50 जहाज इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे, जो इस साल नाटो सैनिकों की सबसे बड़ी संख्या है। बता दें कि शुक्रवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि वह तीसरे विश्व युद्ध के अंत तक नाटो की रक्षा करेंगे, लेकिन वह यूक्रेन में रूस से लड़कर एक व्यापक संघर्ष को बढ़ाने का जोखिम नहीं उठाएंगे और नो-फ्लाई जोन स्थापित करने से भी इनकार करेंगे।

**नॉर्वे और उसके सहयोगियों की सुरक्षा के लिए**



**यह अभ्यास जरूरीः रोजर एनोक्सेन**

यह अभ्यास नॉर्वे और उसके सहयोगियों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम नॉर्वे के संबद्ध सुदृढीकरण का अभ्यास करेंगे। नॉर्वे के रक्षा मंत्री ऑड ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया। ऑड ने कहा कि नॉर्वे यह परीक्षण करने के लिए इसलिए भी उत्सुक है कि वह नाटो के चार्टर के अनुच्छेद पांच के अनुरूप, अपनी धरती पर मित्र देशों के सुदृढ़ीकरण का प्रबंधन कर सकेगा। यह प्रशिक्षण किसी शक्तिशाली देश द्वारा किए गए हमले से बचाव के लिए सदस्य देशों से सहयोग लेने में मदद करता है। पड़ोसी स्वीडन और फिनलैंड, जो आधिकारिक तौर पर सैन्य गुटनिरपेक्ष लेकिन नाटो के तेजी से करीबी साझेदार हैं, भी प्रशिक्षण में भाग लेंगे, जिसका समापन 1 अप्रैल को होगा।

## रूस का दावाः यूक्रेन में 'जैविक' हथियार के लिए पैसे भेज रहा अमेरिका, चीन बोला- जांच होनी चाहिए

**मास्को।** युद्ध संकट के बीच रूस ने दावा किया है कि अमेरिका यूक्रेन को जैविक हथियार के लिए वित्त पोषित कर रहा है। रूस ने कहा कि यूक्रेन में अपने सैन्य ऑपरेशन के दौरान वहां जैविक हथियार बनाने के मजबूत सबूत मिले हैं और इसके पीछे अमेरिका का हाथ है। वहीं इस दावे को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को एक बैठक भी बुलाई। इस बैठक में अमेरिका ने भी पलटवार किया। अमेरिका ने कहा कि रूस दुनिया के सामने झूठी अफवाह फैला रहा है। राष्ट्रपति पुतिन ही इस तरह के अवैध काम को अंजाम देते आए हैं।

**क्या था रूसी सैनिकों का दावा**

रूस के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अमेरिका यूक्रेन के अंदर यूक्रेन सरकार के पूर्ण समर्थन से एक गुप्त सैन्य-जैविक कार्यक्रम चला रहा है। रूसी सरकार ने एक ट्वीट में कहा कि उसके सैनिकों ने सैन्य-जैविक कार्यक्रम के सबूत खोजे हैं।

**चीन ने की जांच की मांग**



रूस के सहयोगी चीन ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए चिंता जताई। चीन के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत झांग जून ने रूस के आरोपों पर कहा कि यह एक गंभीर आरोप है और इसकी हर स्तर से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका अगर सही में इस तरह का कदम उठा रहा है तो उसपर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**अमेरिका का पलटवार**

रूसी दावे पर संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी दूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिका कभी भी जैविक हथियार कार्यक्रम नहीं चलाया है और न ही चलाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा समर्थित ऐसी कोई प्रयोगशाला नहीं हैं। लिंडा ने कहा कि रूस खुद यूक्रेन में रासायनिक या जैविक हथियारों का उपयोग कर रहा है।

# अमेरिका ने उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के बादलगाए और प्रतिबंध

**वाशिगंटन।** उत्तर कोरिया द्वारा अंतर महाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण के तहत किए गए दो परीक्षणों के बाद अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को और प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय ने चार मार्च को किए गए बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण को रेखांकित करते हुए तीन रूसी संस्थानों को इसमें मदद करने के आरोप में प्रतिबंधित करने की घोषणा की।ये कंपनियां हैं- एपोलॉन, जील-एम और आरके ब्रिज। इन कंपनियों से जुड़े दो लोगों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इन प्रतिबंधों के चलते ये कंपनिया अमेरिका में अपनी संपत्तियों का इस्तेमाल नहीं




कर सकेंगी वहीं, एपोलॉन के निदेशक एलेक्सजेंडर एंड्रीविच गेयेनोव और जील-एम के निदेशक एलेक्सजेंडर एलेक्संद्रोविच चासोवनिकोव को भी इन पाबंदियों के दायरे में लाया गया है। वहीं, एक अलग बयान में दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया परमाणु परीक्षण स्थल की पुरानी सुरंगों की मरम्मत कर रहा है।

इन सुरंगों को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच 2018 में पहली बार बातचीत होने के कई माह पहले ध्वस्त कर दिया गया था। हालांकि, मंत्रालय ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उत्तर कोरिया इन सुरंगों की मरम्मत परमाणु परीक्षण के लिए कर रहा है या नहीं।

# पाक न्यायालय ने अध्यादेशों को लेकर इमरान खान सरकार को फटकार लगाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी उच्चतम न्यायालय ने अत्यधिक संख्या में अध्यादेश जारी करने को लेकर एक ऐतिहासिक फैसले में प्रधानमंत्री इमरान खान नीत सरकार को फटकार लगाते हुए कहा है कि अध्यादेश सिर्फ तत्काल जरूरी विषयों पर लागू किया जा सकता है। शीर्ष न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रपति या गवर्नर संवैधानिक जरूरतें होने पर ही अध्यादेश जारी कर सकते हैं।न्यायालय ने कहा कि अध्यादेश सिर्फ आपातकालीन विषयों में ही जारी किया जा सकता है। न्यायालय ने सरकार चलाने के लिए अत्यधिक संख्या में अध्यादेश जारी किये जाने के




खिलाफ फैसला सुनाया। उच्चतम न्यायालय की पीठ द्वारा 30 पन्नों का यह ऐतिहासिक फैसला, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय को जुलाई 2021 में यह कहे जाने के बाद आया है कि (प्रधानमंत्री खान की पार्टी) पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ सरकार ने जुलाई 2018 में सत्ता में आने के बाद से कम से कम 54 अध्यादेश जारी किये हैं। खबर के मुताबिक, प्रांतीय अदालत से कहा गया था कि कुछ अध्यादेश तो संघीय सरकार के दैनिक कामकाज को संचालित करने के लिए जारी किये गये। पाकिस्तान नेशनल असेंबली की वेबसाइट के मुताबिक 16 से अधिक अध्यादेश मौजूदा सरकार के तीसरे संसदीय वर्ष में जारी किये गये। उच्चतम न्यायालय ने कहा, ''राष्ट्रपति और प्रांतीय गवर्नर अध्यादेश जारी कर सकते हैं, लेकिन अध्यादेश जारी करने की उनकी शक्ति संविधान द्वारा सीमित की गई है।''

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

# कट्टपंथियों के सामने पाकिस्तान हुकूमत का सरेंडरः आतंकियों की गिरफ्तारी के खिलाफ चक्काजाम की धमकी से डरे इमरान, सैकड़ों को छोड़ा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान इन दिनों चौतरफा आफतों से घिरे हुए हैं। एक तरफ जहां आतंकी संगठन पाक शहरों को निशाना बना रहे हैं, वहीं कट्टरपंथी जमातें सरकार को हर मोर्चे पर सरेंडर के लिए मजबूर कर रही हैं। पाकिस्तान में आतंकियों के सामने सरकार किस कदर खोखली हो चुकी है इसका एक उदाहरण गुरुवार को राजधानी इस्लामाबाद में देखने को मिला। कट्टरपंथी राजनीतिक जमात छुद्ध-स्न के मौलाना फजल उल रहमान के सांसदों को सुरक्षा देने के नाम पर अंसार उल इस्लाम के कई आतंकी संसद की लाउंज में घुस गए। जिसके बाद पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की इस कार्रवाई पर मौलाना फजल उल रहमान ने प्रदर्शन और चक्काजाम की धमकी देकर हुकूमत को सरेंडर पर मजबूर कर दिया। इमरान सरकार ने शुक्रवार सुबह अभी आतंकियों को रिहा कर दिया।यह पहली बार नहीं है कि जब इमरान खान ने आतंकियों की रिहाई का आदेश दिया हो। पिछले महीने भी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के साथ सुलह के मकसद से पाक हुकूमत ने 46 कैदियों रिहा कर दिया। हालांकि, तहरीक-ए-तालिबान 102 आंतकियों की रिहाई चाहता था।इमरान खान को पद से हटाने के लिए विपक्ष ने तैयारी कर ली है। पाकिस्तान में विपक्ष की तरफ से लाए



गए अविश्वास प्रस्ताव पर 22 मार्च को वोटिंग होनी है।

मौलाना फजल उल रहमान की पार्टी भी इस अविश्वास प्रस्ताव को समर्थन दे रही है। वहीं, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने दावा किया है कि विपक्ष के पास 200 सांसदों का समर्थन है, जो इमरान खान और उनकी सरकार को हटाने के लिए पर्याप्त है।

**कौन हैं मौलाना फजल उल रहमान?**

मौलाना पाकिस्तान की सबसे बड़ी पार्टी और सुन्नी कट्टरपंथी दल जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम का मुखिया है। वे तालिबान का समर्थक माना जाता है। उसे फौज का भी काफी करीबी माना जाता है। 2018 में इमरान खान जिस चुनाव में बिना बहुमत हासिल किए सेना के रहम-ओ-करम पर सत्ता में आए थे, मौलाना उस चुनाव में धांधली का आरोप लगाता है।